हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

## ये कैसा मजाक !

## एमए राजनीति शास्त्र में चार ही विषय, परीक्षा होगी पांच विषयों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा आयोजित की जा रही सेमेस्टर परीक्षाएं सिर्फ मजाक बनकर रह गई है। अब एक अन्य गलती एमए राजनीतिशास्त्र में सामने आई है। रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी किए जाने के दौरान एमए राजनीति शास्त्र का भी टाइम-टेबल जारी किया गया। एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर के टाइम टेबल में पांचवां पेपर लोक प्रशासन का दिखा रहा है। जबकि सिलेबस में पांचवां पेपर नहीं है। प्रति सेमेस्टर 4-4 पेपर छात्रों को पढ़ाया जाना है।

■ महाविद्यालयों ने दर्ज कराई आपत्ति, फिर भी रविवि ने नहीं किया सुधार

एमए राजनीति विज्ञान की परीक्षा 5 जून से प्रारंभ हुई है। चौथे विषय की परीक्षा 21 जून को होगी। पांचवें विषय (जो कि है ही नहीं) की परीक्षा 26 जून को प्रस्तावित है। महाविद्यालयों ने जब समय-सारिणी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### हो चुका है बदलाव

रविवि इस बार समय-सारिणी में कई बार बदलाव कर चुका है। इसमें बीकॉम और सीए की परीक्षाएं आपस में टकराने सहित कई तरह के कारण शामिल हैं। इन त्रुटियों की ओर भी महाविद्यालयों द्वारा ही ध्यान आकृष्ट कराया गया था। इसके अतिरिक्त छात्रों की मांग पर पहली पाली का समय सुबह 7 से 10 बजे को बदलकर 8 से 11 बजे किया गया था। इसी सप्ताह सोमवार को गलत पर्चे ▶▶|शेष पेज 4 पर

### चार ही विषय

एमए राजनीति शास्त्र में चार ही विषय हैं। जिस पांचवें विषय का जिक्र टाइम-टेबल में किया गया है, वो पाठ्यक्रम में ही नहीं है।
- डॉ.देवाशीष मुखर्जी
सचिव, निजी कॉलेज संघ

# एआई के साथ संस्कृत में डिप्लोमा देगा रविवि, इसी सत्र से पांच नए पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पं.रविशंकर शुक्ल विवि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ ही संस्कृत में भी डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत करने जा रहा है। इन दो डिप्लोमा पाठ्यक्रमों सहित रविवि पांच नए कोर्स शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रारंभ करेगा। इन सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑफलाइन आवेदन रविवि द्वारा मंगाए जाएंगे। इनके लिए प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। सभी पाठ्यक्रमों में दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिए जाने की तैयारी है। विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं एवं विभागों के माध्यम से ये पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन माध्यम से 20 जून से प्रारंभ होगी। छात्रों को 30 जून तक का समय इन पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए दिया जाएगा।

प्रबंधन के मुताबिक, छात्रों को रोजगार के नए अवसर मिल सकें इसलिए इन पाठ्यक्रमों को लॉन्च किया गया है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं वैचारिक विकास को ध्यान में रखते हुए इन कोर्स को डिजाइन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ये नए पाठ्यक्रम होंगे प्रारंभ

■ **डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** : यह एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम होगा। इसके अंतर्गत दो सेमेस्टर होंगे। कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला के अंतर्गत इसका संचालन होगा। इसके लिए 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। एआई के बढ़ते ट्रेंड और रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए इसे शुरु किया गया है।



■ **डिप्लोमा इन संस्कृत** : यह भी एक वर्षीय पाठ्यक्रम होगा। एआई की तरह इसमें भी 20 सीटें होंगी तथा छात्रों को एक वर्ष में दो सेमेस्टर परीक्षाएं दिलानी होंगी। सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम इस पाठ्यक्रम का संचालन करेगा। भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने यह पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

■ **एमए योगा** : रविवि के योगा अध्ययनशाला के अंतर्गत योग एवं दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाती है। अब शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला के अंतर्गत केवल योगा में एमएक की उपाधि प्रदान की जाएगी। यह 2 वर्षीय पाठ्यक्रम होगा और इसमें 4 सेमेस्टर होंगे। इसके लिए 30 सीटें निर्धारित की गई हैं।
▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### हाईवे पेट्रोलिंग टीम की एसएसपी ने ली बैठक



**रायपुर।** सड़क दुर्घटना रोकने किस तरह के उपाय किए जाएं, इसे लेकर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने हाईवे पेट्रोलिंग टीम की बैठक ली। बैठक में एसएसपी डॉ. सिंह, एसएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला सहित ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने दुर्घटना रोकने नो पार्किंग तथा हाईवे पर खड़े वाहन हटवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा वाहन चालकों को रात के समय पार्किंग लाइट चालू रखने जैसे महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। रात्रिकालीन दृश्यता बढ़ाने के लिए रेडियम चिन्हों की सफाई तथा आपात स्थिति में समय पर सूचना देने के लिए आसपास के अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप, पान ठेला एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा आसपास के गांवों के जनप्रतिनिधियों से सामांजस्य स्थापित करने निर्देश दिए।

### नाबालिग का अश्लील फोटो वायरल, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने किशोरी की अश्लील फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने के आरोप में एक युवती, नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अश्लील फोटो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश, अजनारे निवासी दीपक बैरागी, सिमरन तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। किशोरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंस्टाग्राम आईडी पर कुछ लोग उसे परेशान कर रहे हैं।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना परिसर में महिला से छेड़छाड़ और अभद्रता के मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर मनप्रीत सिंह उर्फ सोनू गरचा को गिरफ्तार किया है। महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह थाने में मनप्रीत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आई थी। इस दौरान मनप्रीत ने महिला का हाथ पकड़कर मरोड़ दिया। महिला सोनू गरचा और उसकी बहन के खिलाफ धमकी तथा प्रताड़ना को लेकर मोबाइल रिकार्डिंग के साथ शिकायत दर्ज कराने आई थी।

### लव जिहाद का आरोप गृहमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में 17 साल की किशोरी के अपहरण मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। किशोरी का 31 दिसंबर 2024 का अपहरण हो गया था। इस मामले को लेकर हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने साबिर खान पर लव जिहाद का आरोप लगाया है। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने गृहमंत्री को बताया कि जिन लोगों के खिलाफ लव जिहाद के आरोप हैं, उनके द्वारा लड़की के पिता को धमकाने तथा उनकी एक अन्य नाबालिग बेटी का अपहरण कराने की धमकी दी जा रही है।

## राज्य के बाहर रहने वाली महिलाएं भी योजना का उठा रहीं फायदा

# महतारी वंदन योजना का शासकीय कर्मचारी थोक में उठा रहे लाभ, इनमें पत्नी-बेटी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

**घरेलू महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत रायपुर जिले में 5 लाख 35 हजार से ज्यादा महिला हितग्राहियों के बैंक खातों में हर महीने एक हजार रुपए ट्रांसफर किए जा रहे हैं। महंगाई के इस दौर में यह राशि महिलाओं के लिए राहत पहुंचाने के काम आ रही है, लेकिन इस योजना में अनियमितता भी देखी जा रही है।**

इस योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों के अलावा ऐसी अपात्र महिलाएं भी उठा रही हैं, जो स्वयं शासकीय सेवा में पदस्थ हैं। इसके साथ कई शासकीय सेवा में पदस्थ पुरुषों की पत्नी और बेटियां भी हैं जो योजना का कई महीनों से लाभ ले रही हैं। कुछेक ऐसी भी महिलाएं हैं जो रिटायरमेंट के बाद पेंशन के साथ योजना का भी लाभ ले रही हैं। इसके अलावा मृत्यु हो चुकी हितग्राही, अविवाहित, 21 वर्ष से कम आयु, राज्य के बाहर रहने वाली महिलाएं भी हैं, जो योजना का लाभ ले रही हैं। इधर महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन सभी अपात्र महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर होने वाली राशि को न केवल होल्ड करा दिया है, बल्कि अब उनके खातों में ट्रांसफर हुई राशि की वसूली करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

### बिना जांच-पड़ताल के दे दी गई स्वीकृति

इस योजना के तहत पात्र हितग्राही के चयन के लिए नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के तहत ही पात्र हितग्राहियों के आवेदनों को स्वीकृति देकर उन्हें योजना का लाभ दिया जाना था, लेकिन विभाग की बड़ी चूक के कारण शासकीय कर्मचारियों और परिवार की महिला सदस्यों को भी इस योजना में शामिल कर उन्हें कई महीनों तक लाभ दिया गया।



**मृत्यु के बाद भी 1970 हितग्राहियों के खातों में ट्रांसफर हो रही थी राशिः** योजना का लाभ लेने वाली कई हितग्राहियों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनकी मृत्यु की जानकारी हितग्राही के परिजनों द्वारा विभाग में नहीं दी गई, जिसके कारण योजना की राशि मृत हितग्राही के खाते में हर महीने ट्रांसफर होती रही। विभाग की जांच में ऐसी 1970 हितग्राही मिली है, जिनकी मृत्यु होने के बाद भी उनके खातों में राशि जा रही थी।

### रिकवरी की जाएगी राशि

सभी अपात्र हितग्राहियों को जारी होने वाली राशि पर रोक लगा दी है। जितनी राशि जारी हो चुकी है, उसकी वसूली की जाएगी। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
- **शैल ठाकुर**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास

### इन अपात्र हितग्राहियों की राशि होल्ड

| | |
|---|---|
| मृत्यु | 1970 |
| इंकम टैक्स धारी | 29 |
| शासकीय सेवक | 42 |
| पति शासकीस सेवक | 78 |
| शासकीय सेवक की बेटी | 06 |
| पेंशनधारी | 02 |
| 21 वर्ष से कम आयु | 05 |
| अविवाहित | 11 |
| पुरुष हितग्राही | 07 |
| राज्य से बाहर निवासी | 04 |

### इनकी राशि भी होल्ड

| | |
|---|---|
| डुप्लिकेट एंट्री | 1823 |
| लाभ त्यागा | 45 |
| दस्तावेज में कमी | 29 |

### 42 महिला कर्मी, 78 सेवकों की पत्नी एवं 6 बेटी उठा रहीं योजना का लाभ

महतारी वंदन योजना के नियम के तहत सभी महिला हितग्राहियों से शपथ पत्र भी लिए गए हैं। इस शपथ पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि हितग्राही शासकीय नौकरी में स्थाई, संविदा के पद पर पदस्थ नहीं है, और न ही उनके परिवार का कोई सदस्य शासकीय नौकरी या लोकसभा, विधानसभा, बोर्ड, निगम, मंडल का पूर्व या वर्तमान सदस्य है। इस शपथ पत्र के बाद भी जिले में विभिन्न शासकीय विभागों में पदस्थ 42 महिलाएं, 78 पुरुष कर्मियों की पत्नी एवं 6 बेटी भी इस योजना का लाभ उठा रही थीं।

### कार्रवाई की जगह वसूली

अपात्र होने के बाद भी झूठा शपथ पत्र देकर खुद को पात्र बताकर योजना का लाभ लेने वाली समस्त महिलाओं से विभाग अब वसूली की कार्रवाई करेगा। इसके लिए मुख्यालय से सभी जिला मुख्यालयों को आदेश भी जारी हो चुका है।

## केवल तेज गर्मी से राहत दे पा रहे मानसूनी बादल बारिश का अभी पता नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले तीन दिनों से छाए मानसूनी बादल भरी गर्मी से तो राहत दे रहे हैं, मगर बारिश की वजह नहीं बन पाए हैं। बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना हुआ है, मगर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ ज्यादा ताकतवर है। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में पहुंचने की घोषणा की जा चुकी है। प्रदेश में छाए बादलों की वजह से दिन का अधिकतम तापमान 26 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड किया जा रहा है। इससे महसूस होने वाली तेज गर्मी और भारी उमस तो समाप्त हो गई है, मगर बारिश का माहौल नहीं बन पाया है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सक्रिय होने वाला पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने के बाद आमतौर पर तीन दिन में कमजोर हो जाता है, मगर इस बार बना सिस्टम काफी ताकतवर है और चार दिन बीतने के बाद भी अपनी जगह पर कायम है। जब इसका प्रभाव समाप्त नहीं हो जाता, तब तक प्रदेश में व्यापक बारिश होने की संभावना बहुत कम है। अभी विभिन्न इलाकों में हल्की से सामान्य वर्षा होती रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार 18 जून को संपूर्ण छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है। एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण विस्तारित है।


■ बंगाल की खाड़ी में सिस्टम पर पश्चिमी विक्षोभ ताकतवर

## निगम के खजाने में जमा हुए 12. 50 करोड़

# 6.25 फीसदी छूट का फायदा उठाने 10 हजार करदाता आगे आए

■ अग्रिम कर भुगतान करने पर निगम से मिली 40 लाख रुपये की सब्सिडी

■ 30 जून तक संपति कर भुगतान में छूट का मिला है मौका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा 30 जून तक संपत्ति कर अग्रिम भुगतान करने करदाताओं को प्रापर्टी टैक्स में 6.25 फीसदी छूट का मौका दिया जा रहा है। इस छूट को पाने अब तक 10 हजार करदाता आगे आए हैं। इनसे निगम के राजस्व महकमे को जहां 12.50 करोड़ का राजस्व मिला है, वहीं इन करदाताओं को निगम की ओर से 40 लाख रुपये की छूट मिली।

30 जून तक इस छूट का लाभ उठाया जा सकता है। राजस्व महकमे ने इसके लिए संपत्तिकर दाताओं को ऑनलाइन भुगतान का विकल्प भी दिया है, जिससे शहर के किसी भी स्थान से करदाता घर बैठे ऑनलाइन संपत्ति कर का भुगतान एक क्लिक पर कर सकता है। यही नहीं, शहरभर के 70 अधिकृत च्वाइस सेंटरों में भी लोगों से निगम के करों का भुगतान लिया जा रहा है।

दरअसल, आम जनता की सुविधा के लिए नगर निगम के राजस्व विभाग ने संपत्ति कर का 30 जून तक अग्रिम भुगतान करने वालों को 6.25 फीसदी की छूट का मौका दिया है। 1 जून से लेकर 18 जून तक नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्ड के करीब 10 हजार करदाताओं ने 12 करोड़ 50 लाख से अधिक की राशि टैक्स के रूप में जमा करायी है। निगम की ओर से संबंधित करदाताओं को छूट के रूप में 40 लाख रुपये की राशि मिली। राजस्व उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने बताया कि संपत्ति कर में 6.25 फीसदी की छूट का सुनहरा मौका 30 जून तक करदाता उठा सकते हैं।

### मई में 210 लोगों ने उठाया छूट का लाभ

नगर निगम द्वारा आम जनता को प्रापर्टी टैक्स में दी जा रही 6.25 फीसदी छूट को लेकर मई में 210 करदाताओं ने 15 लाख रुपये संपत्ति कर के रूप में जमा कराया। निगम के राजस्व विभाग ने इन्हें 36,602 रुपये की छूट कर टैक्स का अग्रिम भुगतान किये जाने पर प्रदान की। निगम आयुक्त विश्वदीप ने इस बार राजस्व महकमे को 450 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट दिया है। यही नहीं, इस बार राजस्व बढ़ाने के लिए नया प्लान तैयार किया जा रहा है।

## अब हर दिन कम से कम 10 घरों में होगा रेनवाटर हार्वेस्टिंग का सर्वे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग की सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को महात्मा गांधी सदन के सभागार में विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें श्री वर्मा ने नगर निवेश विभाग की टीम को प्रत्येक दिन में कम से कम 10 घरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग का सर्वे करने निर्देश दिये हैं। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गयी कि नगर निगम के नगर निवेश विभाग द्वारा वर्ष 2019 से 25 फरवरी 2025 तक 329 अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों में निगम एक्ट के तहत कार्रवाई कर मुरुम वाली रोड को संबंधित स्थल पर काटकर आवागमन बाधित किया गया है। साथ ही अवैध प्लाटिंग का सूचना बोर्ड लगाया गया है। वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने शहर में रेनवाटर सिस्टम का सर्वे किया जायेगा। इस कार्य के लिए नगर निवेश विभाग की टीम प्रत्येक दिन 10 घरों का सर्वे करेगी। इससे यह पता चलेगा कि शहर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर धरातल पर स्थिति क्या है। नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के सलाहकार समिति की बैठक में यह तय हुआ कि राजधानी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी लेने सर्वे कराया जायेगा। ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ गांधी सदन में नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग सलाहकार समिति की बैठक

### ये रहे उपस्थित

सलाहकार समिति की बैठक में विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा, समिति की सदस्य और जोन 3 अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू, पार्षद खगपति सोनी, कृष्णा सोनकर, सोहनलाल साहू, रवि सोनकर, महेन्द्र औसर, विनयप्रताप सिंह ध्रुव, विनय पंकज निर्मलकर, शेख मुसीर, अपर आयुक्त पंकज शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंताओं की उपस्थिति रही।

## पांच साल से ईओडब्लू, एसीबी का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने एसीबी, ईओडब्लू का झांसा देकर जमीन कारोबारी तथा सरकारी कर्मियों को झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर करोड़ों की ठगी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ एक महिला पटवारी के पति ने एक करोड़ रुपए से ज्यादा वसूली करने का आरोप लगाया है। गिरफ्तार युवक से पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ कर रही है।

ठगी करने के आरोप में पुलिस ने संजय नगर निवासी हसन आबिदी को गिरफ्तार किया है। हसन के खिलाफ राजेश सोनी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि हसन ने एक साल के भीतर उससे किस्तों में एक करोड़ रुपए की ठगी की है। इसके बाद हसन आबिदी, राजेश से और पैसों की मांग कर रहा था। पैसा नहीं देने पर जालसाज झूठे दस्तावेज तैयार कर उसे तथा उसकी पत्नी की एसीबी में शिकायत कर गिरफ्तार कराने की धमकी दे रहा था। इस बात से परेशान होकर राजेश ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई।

### सरकारी कर्मी, जमीन कारोबारियों को झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर कर रहा था ठगी



### हसन को पैसा देने कर्ज लिया

राजेश ने पुलिस को बताया कि उसे इस बुरी तरह से डरा दिया था कि उसने लोगों से कर्ज लेकर पैसा दिया था। इसके चलते उसकी आर्थिक हालत बुरी तरह से बिगड़ गई। हसन को पैसे देने राजेश को अपनी पत्नी के जेवर तक बेचने पड़ गए। इसके चलते वह बुरी तरह से टूट गया। पैसों के लिए लगातार दबाव बनाने से परेशान होकर राजेश को पुलिस की शरण में जाना पड़ा।

### पांच साल से ठगी के धंधे में लिप्त

पुलिस के अनुसार हसन आबिदी पिछले पांच सालों से कारोबारी तथा सरकारी कर्मियों के साथ ठगी तथा अवैध वसूली करने के काम में लिप्त था। धौंस जमाने के लिए हसन आबिदी कई बड़े नेताओं के साथ फोटो खिंचाने के साथ उसे सोशल मीडिया में पोस्ट करता था। इसके चलते भी लोग हसन के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने से डरते थे। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस गुरुवार को खुलासा कर सकती है।

### जमीन कारोबारी, प्रॉपर्टी डीलरों को बनाता था निशाना

पुलिस को जानकारी मिली है कि हसन आबिदी जमीन तथा प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े लोगों को कॉल कर जमीन तथा प्रॉपर्टी को विवादित बताकर जबरन वसूली करता था। पैसा नहीं मिलने पर उन लोगों को एसीबी तथा ईओडब्लू में शिकायत दर्ज कराकर गिरफ्तार कराने की धमकी देता था। पुलिस के अनुसार शिकायत दर्ज होने के बाद अन्य पीड़ित हसन आबिदी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंच सकते हैं।

## कोल, राखड़ ट्रांसपोर्ट करने वाली 76 गाड़ियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित जिले की सड़कों पर अनफिट बेतरतीब तरीके से कोल तथा राखड़ परिवहन में लगी 76 गाड़ियों की परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने जांच की। जांच में जिन गाड़ियों में मेकैनिकल खामियां मिलीं तथा तिरपाल नहीं पाए जाने पर उन वाहन मालिकों से 73 हजार 600 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही वाहन मालिकों को भविष्य में व्यवस्थित तरीके से वाहन चलवाने निर्देश दिए गए।



कोल तथा राखड़ ट्रांसपोर्ट में लगे वाहन की जांच परिवहन सचिव एस. प्रकाश तथा अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के निर्देश पर की गई। उड़नदस्ता प्रभारी सीके साहू द्वारा जानकारी दी गई कि रायपुर उड़नदस्ता टीम द्वारा कोयला और राखड़ का परिवहन कर रहे वाहनों की गहन जांच की गई। कार्रवाई के ▶▶|शेष पेज 4 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### तिलक लगाकर नवप्रवेशी छात्रों का हुआ विद्यालय में स्वागत

**सिलयारी।** आर्दश सेवा शिक्षा समिति सिलयारी व्दारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल सिलयारी में शिक्षा सत्र 2025-26 को वाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केमन सिन्हा एवं संस्था के प्राचार्य आलोक दत्ता ने नवीन प्रवेश सहित सभी बच्चों का तिलक लगाकर विद्यालय में प्रवेश कराया। सभी बच्चें प्रसन्नचित्त होकर विद्यालय में प्रवेश किए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य आलोक दत्ता ने बताया कि इस सत्र में बच्चों की तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में कम्प्यूटर क्लास की व्यवस्था की गई है, साथ ही नई शिक्षा नीति के आधारभूत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता बताया।

## निधन

### नीलिमा वर्मा



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के श्याम नगर निवासी व एसडीएम कार्यालय तिल्दा में पदस्थ कर्मचारी नीलिमा वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया, वे स्व. संतोष वर्मा की धर्मपत्नी थी, एवं उज्ज्वल वर्मा व प्रज्ज्वल वर्मा को माता थी, जिनकी अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे ग्राम गोढ़ी (मोहदी) से निकाली जावेगी।

### मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर 29 जून तक होने वाले कार्यक्रम

# भाजपा ने की संगठनात्मक गतिविधियों योजनाओं व उपलब्धियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाजपा में विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए बैठकों का दौर
- विधायकों की बैठक में कार्यक्रमों को लेकर मिली जिम्मेदारी



भारतीय जनता पार्टी की बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक गतिविधियों कार्यक्रमों, योजनाओं व उपलब्धियों की समीक्षा की दृष्टि से बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सबसे पहले लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती और संकल्प से सिद्धि : 11 साल बेमिसाल अभियान समिति के साथ बैठक हुई और इन अभियानों के क्रियान्वयन और अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि संकल्प से सिद्धि : 11 साल बेमिसाल अभियान प्रदेश में विगत 9 जून से चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रदर्शनी, प्रोफेशनल मीट, घर-घर सम्पर्क, गोष्ठियां आदि निर्धारित चरणबद्ध कार्यक्रमों के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों और सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के कार्यक्रमों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

### आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रदेशभर में होंगे कार्यक्रम

बैठक में 21 जून को होने वाले योग दिवस, 23 जून को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 जून को आपातकाल की 50वीं बरसी के निमित्त निर्धारित कार्यक्रमों की रूपरेखा व तैयारियों पर भी चर्चा की गई। आपातकाल की बरसी पर प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों की रणनीति बनी। आपातकाल की बरसी पर कांग्रेस सरकार के लोकतंत्र और संविधान विरोधी आचरण के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा, आपातकाल के काले अध्याय से

### हर एक मतदान केंद्र तक होंगे कार्यक्रम

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा, 11 साल की जो उपलब्धियां हैं, उन उपलब्धियां को व्यापक रूप से अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से करने का निर्णय हुआ है। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है। हर एक मतदान केंद्र तक यह कार्यक्रम करने का निर्देश पार्टी का है।

### भाजपा विधायक दल की बैठक

संगठनात्मक बैठक के बाद प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक में प्रदेश सरकार के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों, कार्यक्रमों व योजनाओं की चर्चा की गई और महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा, बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल पूरा होने के अवसर पर पार्टी ने 9 से 21 जून तक कार्यक्रम निर्धारित किए हैं।

## शिक्षकों की नवाचारी गतिविधियों पर आधारित पुस्तक उदीम का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम सीखने सिखाने का एक प्रयास का विमोचन व लेखक शिशकों का सामान 13 जून दिन शुक्रवार को वृंदावन हॉल रायपुर में पूर्व सांसद व विधायक रायपुर दक्षिण सुनील सोनी के कर कमलो से हुआ। कार्यक्रम में पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा संपादक भारती वर्मा व सह संपादक सईदा खान सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवाचारी शिवकों को संबोधित करते हुए विधायक सुनील सोनी ने कहा कि शिक्षक वंदनीय है। शिक्षको की नवाचारी गतिविधि की सराहना करताहुं साथ ही सभी शिक्षकों को बधाई दिए। नवाचारी गतिविधि आधारित पुस्तक उदिम में सभी स्तर के बच्चों के लिए रोचक तरीके से गतिविधियों को शामिल किया गया है। लेखक मंडल में अर्चना साहू, संध्या पैकरा, कविता सरसीहा, बिंदु वर्मा, शीतल बैस, ऋतु वर्मा, निनिका, जेकब, बाला गुप्ता, मोनू गुप्ता, सुनीता शर्मा, निहारिका तिवारी, सुचा बाला, संतोषी डडसेना, महादेव जायसवाल, सुनील मिश्रा उमा शंकर साहू, मुकेश रैकवार, खोमन सिन्हा, शामिल है।

### मीडिया के लिए चिकित्सा विभाग का आदेश, तुगलकी फरमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 13 जून को मीडिया कवरेज पर जारी दिशा-निर्देश को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा है कि यह तुगलगी फरमान है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से इस आदेश की समीक्षा करने और जनहित में इसे वापस लेने का अनुरोध किया है।

## माहेश्वरी युवा संगठन का सांस्कृतिक महोत्सव, प्रतिभागी को मिलेगा हुनर दिखाने का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा 21 एवं 22 जून को

- समाज द्वारा एक सराहनीय कदम

अभनपुर नगर में प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव आपणो उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम धमतरी जिला माहेश्वरी युवा संगठन के आयोजकत्व और माहेश्वरी युवा संगठन अभनपुर के आतिथ्य में संपन्न होगा।

इस दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव में समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी कला व हुनर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की खास बात यह है कि इसमें विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का भी अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक विधा एकल नृत्य, समूह नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, एकल गायन, म्यूजिकल सोलो, रैप सिंगिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, मिस्टर एंड मिसेज माहेश्वरी, एकल कविता, दिव्यांग सोलो प्रदर्शन इन सभी में प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति देंगे। यह आयोजन समाज के युवाओं के हुनर को मंच देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह समाज द्वारा एक सराहनीय कदम है।

पहली बार कार्यक्रम में दिव्यांगजन प्रतिभागियों को भी मंच दिया गया है, ताकि वे भी अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास को समाज के सामने प्रस्तुत कर सकें। इस आयोजन की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ माहेश्वरी युवा संगठन महामंत्री राहुल राठी एवं जिला धमतरी अध्यक्ष प्रतीक भट्टड़ ने बताया कि कार्यक्रम में सैकड़ो प्रतिभागियों एवं दर्शकों की सहभागिता होगी।

## अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में वेदर प्लस प्रीमियम सीमेंट किया लॉन्चिंग



**तिल्दा नेवरा।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बैकुंठ में बुधवार को वेदर प्लस प्रीमियम सीमेंट का लॉन्चिंग किया गया। विधिवत पूजा अर्चना की गई और पूजा अर्चना के पश्चात रिबन काटकर इसका शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम एक ट्रक के माध्यम से पहला ट्रिप भेजा गया और इस ट्रक के माध्यम से ही इस सीमेंट को यहां लॉन्च किया गया, साथ ही अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के कई बड़े अधिकारी इस मौके पर ऑनलाइन जुड़े और अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट संयंत्र में इसका लॉन्चिंग किया गया, इस कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट के उच्च अधिकारी श्री आशीष भूरे, रमन शर्मा, सुबोध जैन फंक्शनल हेड राजीव सिंघल और लॉजिस्टिक्स प्रमुख सोमदत्त कठवार के सांथ ही ऑनलाइन माध्यम से अमिताभ पांडे, इंतेखाब आलम और पीयुष कुमार, उपस्थित रहे। वहीं हरि झंडी दिखाकर ट्रक को रवाना किया गया।

## जर्जर भवन में संचालित हो रहा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/गरियाबंद





गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र बारूला में स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सन 1972 में बना यह भवन अब खंडहर में तब्दील होता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद यहां आज भी समिति कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। सहकारी समिति में आसपास दस गांवों जिसमें बारूला, फुलकर्रा, पोटिया, टेवारी, अमेठी, छिंदोला, भुंजियामुड़ा, रामपुर, मदनपुर, कौंदकेरा, राकादादर के 1400 से अधिक किसान जिनमें अधिकांश आदिवासी वर्ग से हैं, बरसात शुरू होते ही खाद-बीज लेने समिति कार्यालय पहुंचते हैं, जहां हर पल किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बरसात शुरू होते ही खेती-किसानी के लिये किसानों को खाद बीज लेने के लिए समिति कार्यालय में अना पड़ता हैं, जहां उन्हें दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। किसान समिति कार्यालय के जर्जर हॉल और बरामंदे में कर्मचारी बैठे रहते हैं। कार्यालय की दीवारें जीर्ण-शीर्ण हो गई हैं। बरामंदे की प्लास्टर उखड़ कर गिर गया है। कार्यालय के कर्मचारी भी जान को जोखिम में डालकर किसानों के हित में काम करते हैं। बीते दिनों हॉल की छत का प्लास्टर गिरने से समिति का कम्प्यूटर भी खराब हो गया था। इसके बावजूद कर्मचारी जान जोखिम में डालकर किसानों की सेवा में जुटे हैं।

### प्रशासन तक पहुंची बात, लेकिन कार्रवाई अधर में

समिति प्रबंधन ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर को भवन के जर्जर हालत की सूचना दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बताया जा रहा है कि नया भवन बनाने का प्रकरण बैंक की तकनीकी शाखा में लंबित है।

### नये भवन के लिए पंचायत ने भी कलेक्टर को सौंपा पत्र

बारूला पंचायत के सरपंच और पंचों ने भी गरियाबंद कलेक्टर को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया है और नए भवन के निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक समिति को राहत नहीं मिली है। समिति से जुड़े किसानों का कहना है कि अगर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो यहां किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## अस्पतालों में मीडिया कवरेज पर जारी प्रोटोकाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित अस्पतालों में मीडिया कवरेज पर जारी प्रोटोकॉल पर स्वास्थ्य मंत्री ने रोक लगा दी है। जारी किए गए दिशा-निर्देशों पर आपत्ति जताई गई थी, जिसके बाद मंत्री ने यह निर्देश जारी किया है। मरीजों की निजता को ध्यान में रखते हुए इस पर आने वाले दिनों में ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा अस्पतालों में मीडिया कव्हरेज को लेकर दस बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किया गया था। जारी की गई गाइडलाइन में परिस्थितियों का ध्यान नहीं रखा गया था। इसे लेकर विरोध का दौर भी शुरू हो गया था और मंगलवार को कलेक्टोरेट के आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया था। जारी दिशा-निर्देश के आधार पर मामला बिगड़ता देख स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि निर्देशों पर रोक लगाने की घोषणा मीडिया की अहम भूमिका और स्वास्थ्य क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि मीडिया का सम्मान हमारी नजरों में सदैव से रहा है। किसी भी प्रकार का निर्णय सभी मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करने के बाद ही लिया जाएगा।

जारी किए गए दिशा-निर्देश में अस्पताल के वार्डों सहित अन्य संवेदनशील इलाकों पर मीडिया के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई थी। मीडिया को अस्पताल से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी देने के लिए पब्लिक रिलेशन अधिकारी को जिम्मेदारी गई थी।

### अवैध शराब के खिलाफ एसडीएम व थाना प्रभारी को पंचों ने सौंपा ज्ञापन

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत सिंगारभाठा में अवैध शराब ब्रिकी को लेकर सरपंच प्रतिनिधि विकास चंद्राकर के नेतृत्व में पंचों ने एसडीएम अभनपुर एवं थाना प्रभारी अभनपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से सरपंच प्रतिनिधि विकास चंद्राकर ने बताया कि गांव मे लगातार शराब कोचियाओं के द्वारा अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है आलम ये है कि गांव में किराने के दुकान में भी शासन प्रशासन के भय बिना धड़ल्ले से शराब का बिक रहा है। गांव के लोगों द्वारा अवैध शराब विक्रय का विरोध करने पर ब्रिकी मे लिप्त कोचियाओं द्वारा ग्रामीणो को धौंस दिखा कर धमकाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियो एवं ग्रामीणो ने अवैध शराब विक्रय करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। इस दौरान उपसरपंच दिलीप जोशी ,पंच रूपलाल जांगड़े, छबीलाल मार्कण्डे, गिरीश टंडन उपस्थिति थे।

- धड़ल्ले से बिक रहा शराब

## यातायात सुरक्षा को लेकर अभनपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेन्द सिंह के निर्देशानुसार पुलिस मितान कार्यक्रम 18 जून को थाना अभनपुर परिसर मे संपन्न हुआ। पुलिस अधिकारियो ने बढ़ती हुई सडक दुर्घटनाओ के सबंध मे जानकारी देते उक्त परिस्थितियो मे किये जाने वाले आवश्यक कार्यो के बारे बताया वही रायपुर पुलिस द्वारा सभी पुलिस मितानो को टी शर्ट प्रदान किया गया एवं अगले चरण मे पुलिस मितानो के जिला स्तरीय प्रशिक्षण मे उपस्थित होने निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम मे अति.पुलिस अधीक्षक (यातायात) प्रशांत शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक अटल नगर नवा रायपुर कर्ण कुमार उके एवं नवा रायपुर पुलिस अनुविभाग थाना प्रभारी अभनपुर, राखी, मुजगहन, गोबरा नवापारा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे नवा रायपुर अनुविभाग के पुलिस मितान सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित रहे।


**प्रारूप- 37**
(नियम 61 (3) देखिए)
**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना**
(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी ।)
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर सं. 192
तारीख - 18/06/2025

श्री/श्रीमती/कुमारी KAVITA SINGH, Son/ Wife/ Daughter of SHRI SANJAY SINGH, ADD- H.NO-19 BAGDAI VATIKA, KANDUL, RAIPUR, C.G. 492001, MOB- 8319020951, वित्तपोषक- BANK OF INDIA, RAIPUR - 492001 ने यह सूचित किया है कि उसने/ उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/ आडमान/ पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04MU6121 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है।
अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय रा.नि.मं. तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**
जारी दिनांक 14/06/2025
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोनिका अग्रवाल पिता संजय अग्रवाल निवासी टाटीबंध रायपुर आवेदित ग्राम बंजारी प.ह.नं. 01 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला तहसील गोबरानवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 522/3, 522/5, 522/6, 522/7 रकबा 0.58, 0.23, 0.41, 0.20, 0.24 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा-नवापारा के आदेश दिनांक 15/05/25 के परिपालन में दिनांक 24/06/25 को समय अपरान्ह 11.00 मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।
अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी नंबर 02 के ग्राम थनौद स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. तोरला**

**// आम सूचना //**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित **स्वतंत्र भवन ई.डब्ल्यु.एस. टाईप- 1/28**, को **श्री हुमेश कुमार साहू** के नाम से पर कार्यालय छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र 05 सेजबहार रायपुर के द्वारा नामांतरण आदेश क्रमांक 231 दिनांक 11.11.2019 के द्वारा जारी किया गया है। पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 24.06.2019 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन कर लिया है। वर्तमान में **श्री हुमेश कुमार साहू पिता श्री कैलाश साहू**, निवासी:- ग्राम निसदा पो.आ. पारागांव थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन **1. श्री धर्मेन्द्र कुमार साहू एवं 2. श्री जितेन्द्र साहू पिता स्व. श्री केशव साहू** निवासी:- ग्राम व पोस्ट रसनी थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित **स्वतंत्र भवन ई.डब्ल्यु.एस. टाईप- 1/28**, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**:: उद्घोषणा ::**
क्रमांक 5658/ आर.सी./ रा.वि.प्रा. / 25
रायपुर, दिनांक 23.05.2025
प्राधिकरण की न्यू राजेन्द्र नगर (72 फ्लैट्स) योजना के अंतर्गत **श्री सुरेश कुमार साधू पिता स्व. बैशाखू राम साधू** को फ्लैट क्रमांक सी-05 (प्रथम तल) क्षेत्रफल 290 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त फ्लैट को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त फ्लैट को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राहय नहीं होगा।
दिनांक ........ को जारी ।
**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16 तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन सूचना**
दिनांक 18/06/2025
प्रति,
1. प्रेमानंद पि. सुभाष 2. ड्रोन लहरे 3. नीरज अग्रवाल
**विषय-** आवेदक/आवेदिका प्रेमानंद पिता/पति सुभाष निवासी द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 421 क्षेत्रफल 0.1700 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।
**संदर्भ-** न्यायालय अति./नायब तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र. ...वा/अति./ना. तह./2024 धरसींवा दिनांक 11/12/2024 के संदर्भ में।
उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति./ना./तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 21/06/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11.00 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।
क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा। अतः सूचना जानें।
मुहर
**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर (छ.ग.)**
**// शपथ-पत्र //**
मैं, राजकुमार भोई, उम्र-43 वर्ष, पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार भोई, निवासी- गौतम नगर ईदगाह भाठा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:-
1- यह कि, मेरे स्वयं के नाम पर भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरा आधार नंबर- 8506 7742 3086 है उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम राजकुमार भोई दर्ज है।
2- यह कि, मेरे कुछ कुछ दस्तावेजों में मेरा घरेलू नाम राजा औसर दर्ज है।
3- यह कि, **राजकुमार भोई** एवं **राजा औसर** उक्त दोनों ही नाम मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है भविष्य में किसी प्रकार का कोई नाम संबंधित वाद विवाद होता है तो उसकी समस्त जवाबदारी मेरे स्वयं की रहेगी।
4- यह कि, यह शपथपत्र राजकुमार भोई एवं राजा औसर उक्त दोनों ही नाम मेरे एक ही व्यक्ति के नाम होने तथा मेरे आगे के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राजकुमार भोई दर्ज किये जाने तथा पढ़ा लिखा जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।
**टीप-** जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ती हो, तो इस नंबर 6266168313 पर संपर्क करें।
**सत्यापन**
मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि, इस शपथपत्र की कंडिका क्रमांक -01 से लेकर 03 तक की दी गई जानकारी सत्य है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।
**स्थान :- रायपुर छ.ग.**
**दिनांक-18-06-2025**
राजकुमार भोई
शपथकर्ता





## खबर संक्षेप



### मोबाइल रिपेयरिंग इंडस्ट्री सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे डॉ. रमन

**रायपुर।** मोबाइल रिपेयरिंग इंडस्ट्री का दो दिवसीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन 21 एवं 22 जून को राजधानी के वीआईपी चौक स्थित बेबीलोन कैपिटल में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। मोबियालाइव द्वारा रवि भवन व्यापारी संघ के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद युवाओं को मोबाइल टेक्नोलॉजी की नवीनतम तकनीकों और व्यावसायिक अवसरों से जोड़ना है। इस आयोजन में देश-विदेश से जानी-मानी कंपनियां, प्रशिक्षित प्रशिक्षक और तकनीकी विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। 22 जून को आयोजित विशेष सत्र में मोबाइल रिपेयरिंग क्षेत्र के व्यवसायियों एवं तकनीकी दक्षता रखने वाले विशेषज्ञों के बीच लाइव रिपेयरिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### मीडिया के लिए चिकित्सा विभाग का आदेश, तुगलकी फरमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 13 जून को मीडिया कवरेज पर जारी दिशा-निर्देश को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा है कि यह तुगलगी फरमान है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से इस आदेश की समीक्षा करने और जनहित में इसे वापस लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, इस आदेश के अनुसार बिना रोगी, अभिभावक की लिखित सहमति और जनसंपर्क अधिकारी की अनुमति के मीडिया को अस्पतालों में प्रवेश या कवरेज करने की इजाजत नहीं होगी। ऐसे में अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति, भ्रष्टाचार या लापरवाही की जानकारी आम नागरिकों तक नहीं पहुंच पाएगी। आदेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि अस्पतालों से जुड़ी कोई भी खबर प्रकाशित होने से पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग को उसकी जानकारी देना अनिवार्य होगा। भगवानू नायक का कहना है कि यह आदेश तुगलकी फरमान की तरह है, जो लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका को कमजोर करता है। अस्पतालों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मीडिया की पहुंच जरूरी है, इसलिए आदेश को जनहित में तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

# बरमकेला अपेक्स बैंक में 9.91 करोड़ का गबन, अधिकारी सहित सभी कर्मचारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों के विभिन्न अपेक्स बैंक की शाखाओं में पिछले तीन साल में भारी वित्तीय अनियमितता एवं राशि गबन करने की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों के आधार पर रायगढ़, जशपुर, अंबिकापुर जिलों के कई शहरों में संचालित अपेक्स बैंक में हुए लेनदेन की गहन जांच कराई जा रही है। इस जांच में बरमकेला शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 9.91 करोड़ रुपए की राशि गबन किए जाने का खुलासा भी हुआ है, जिसके बाद इस मामले में इस शाखा के अधिकारी सहित समस्त कर्मचारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है। साथ ही आउटसोर्सिंग से भर्ती हुए कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर भी कराई गई है। यह जानकारी बुधवार को अपेक्स बैंक की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने दी।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी केदार नाथ गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के बाद 16 जून को बैंक मुख्यालय में उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने बैंकिंग गतिविधियों के साथ संदिग्ध लेन-देन तथा वित्तीय अनियमितताओं की जानकारी ली। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि बैंक के रायगढ़, जशपुर तथा सारंगढ़ जिलों की शाखाओं में विगत तीन वर्ष में हुई वित्तीय अनियमितता तथा गबन की जांच की जा रही है, जिसके लिए जांच टीम भी बनाई गई है।




जांच के लिए अधिकारियों को दिसंबर 2024 तक का समय दिया गया था। इस दिए गए समय में सिर्फ रायगढ़ जिले के बरमकेला बैंक शाखा की ही जांच पूरी हो पाई है, जिसकी रिपोर्ट 24 मार्च 2025 को विभाग को सौंपी जा चुकी है। इस रिपोर्ट में शाखा से संदिग्ध ट्रांजेक्शन का उल्लेख किया गया है, जिसमें 9.91 करोड़ रुपए की राशि गबन किया जाना बताया गया है। जांच के दौरान मिले तथ्यों, दस्तावेजों व बयानों के आधार पर इस गबन के लिए शाखा में पदस्थ नियमित अधिकारी एवं कर्मचारी दोषी पाए गए हैं, जिन्हें निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय जांच की जा रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आउटसोर्सिंग स्टॉफ की सेवा को आउटसोर्सिंग एजेंसी ने समाप्त कर दिया है। इन सभी के विरुद्ध एफआईआर भी कराई गई है।

### रायगढ़, खरसिया एवं पुसौर शाखा के एक वर्ष में हुए लेनदेन की जांच पूरी

बैठक में अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी है कि रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ जिले के अन्य शाखाओं में भी संदिग्ध लेन-देन की जांच के लिए 26 नवंबर 2024 को गठित की गई टीम कर रही है। टीम ने रायगढ़, खरसिया एवं पुसौर शाखा के एक वर्ष में हुए लेनदेन की जांच पूरी कर ली है, जिसकी रिपोर्ट बैठक में पेश की गई। इसके अलावा अंबिकापुर की शाखाओं में हुए गबन की जानकारी दी गई। प्राधिकृत अधिकारी गुप्ता ने इसके लिए अंबिकापुर बैंक के सीईओ को निर्देश दिए कि तत्काल वैधानिक कार्रवाई करें तथा राशि की नियमानुसार वसूली की जाए। बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन कान्डे, डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी, ओएसडी अविनाश श्रीवास्तव, एजीएम एलके चौधरी तथा अन्य उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर 29 जून तक होने वाले कार्यक्रम

# भाजपा ने की संगठनात्मक गतिविधियों योजनाओं व उपलब्धियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक गतिविधियों कार्यक्रमों, योजनाओं व उपलब्धियों की समीक्षा की दृष्टि से बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सबसे पहले लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती और संकल्प से सिद्धि : 11 साल बेमिसाल अभियान समिति के साथ बैठक हुई और इन अभियानों के क्रियान्वयन और अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि संकल्प से सिद्धि : 11 साल बेमिसाल अभियान प्रदेश में विगत 9 जून से चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रदर्शनी, प्रोफेशनल मीट, घर-घर सम्पर्क, गोष्ठियां आदि निर्धारित चरणबद्ध कार्यक्रमों के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों और सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के कार्यक्रमों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद संतोष पांडे और प्रदेश भाजपा महामंत्री इसमें उपस्थित रहे।

- भाजपा में विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए बैठकों का दौर
- विधायकों की बैठक में कार्यक्रमों को लेकर मिली जिम्मेदारी



### आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रदेशभर में होंगे कार्यक्रम

बैठक में 21 जून को होने वाले योग दिवस, 23 जून को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 जून को आपातकाल की 50वीं बरसी के निमित्त निर्धारित कार्यक्रमों की रूपरेखा व तैयारियों पर भी चर्चा की गई। आपातकाल की बरसी पर प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों की रणनीति बनी। आपातकाल की बरसी पर कांग्रेस सरकार के लोकतंत्र और संविधान विरोधी आचरण के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा, आपातकाल के काले अध्याय से अनजान नई पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा कि कांग्रेस ने सत्तालोलुपता के चलते देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर दी थी। बैठक में बताया गया कि योग दिवस का बड़े पैमाने पर आयोजन पार्टी स्तर पर किया जाएगा।

### हर एक मतदान केंद्र तक होंगे कार्यक्रम

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा, 11 साल की जो उपलब्धियां हैं, उन उपलब्धियां को व्यापक रूप से अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से करने का निर्णय हुआ है। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है। हर एक मतदान केंद्र तक यह कार्यक्रम करने का निर्देश पार्टी का है। उसकी तैयारी करने का और इन सब कार्यक्रमों में नियमित रूप से एक पेड़ मां के नाम और हर मतदान केंद्र तक वृक्षारोपण अभियान चले और इसमें जन भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश पार्टी ने दिया है। 15 अगस्त तक पौधारोपण के अभियान को लगातार चलाते रहने का निर्देश है। साथ ही, 29 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक प्रसारण मन की बात हर एक बूथ पर आयोजित करने के विषय में चर्चा हुई है।

### भाजपा विधायक दल की बैठक

संगठनात्मक बैठक के बाद प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक में प्रदेश सरकार के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों, कार्यक्रमों व योजनाओं की चर्चा की गई और महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा, बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल पूरा होने के अवसर पर पार्टी ने 9 से 21 जून तक कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। कार्यक्रमों की योजना, रचना और हम सब विधायकों की सहभागिता को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा हुई है। 21 जून को होने वाले योग दिवस को व्यापक रूप से आयोजित करने का अलग-अलग विभागों के माध्यम से संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर योग दिवस को आयोजित करने का और उसमें हम सबकी सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है।

# अस्पतालों में मीडिया कवरेज पर जारी प्रोटोकाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित अस्पतालों में मीडिया कवरेज पर जारी प्रोटोकॉल पर स्वास्थ्य मंत्री ने रोक लगा दी है। जारी किए गए दिशा-निर्देशों पर आपत्ति जताई गई थी, जिसके बाद मंत्री ने यह निर्देश जाररी किया है। मरीजों की निजता को ध्यान में रखते हुए इस पर आने वाले दिनों में ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा।



चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा अस्पतालों में मीडिया कव्हरेज को लेकर दस बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किया गया था। जारी की गई गाइडलाइन में परिस्थितियों का ध्यान नहीं रखा गया था। इसे लेकर विरोध का दौर भी शुरू हो गया था और मंगलवार को कलेक्टोरेट के आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया था। जारी दिशा-निर्देश के आधार पर मामला बिगड़ता देख स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि निर्देशों पर रोक लगाने की घोषणा मीडिया की अहम भूमिका और स्वास्थ्य क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि मीडिया का सम्मान हमारी नजरों में सदैव से रहा है। किसी भी प्रकार का निर्णय सभी मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करने के बाद ही लिया जाएगा। जारी किए गए दिशा-निर्देश में अस्पताल के वार्डों सहित अन्य संवेदनशील इलाकों पर मीडिया के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई थी। मीडिया को अस्पताल से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी देने के लिए पब्लिक रिलेशन अधिकारी को जिम्मेदारी गई थी। आंबेडकर अस्पताल को छोड़कर यह व्यवस्था किसी और मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पताल में नहीं है।

### सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्था छिपाने सरकार मीडिया को बैन कर रही


सरकारी अस्पतालों में मीडिया को प्रतिबंधित करने की खबरों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा, जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो चुकी है। साय सरकार ने अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के बजाय सभी बड़े अस्पतालों में मीडिया कवरेज पर प्रतिबंध लगा दिया। मीडिया कर्मी अस्पताल में भर्ती मरीजों की फोटो नहीं खीच पायेंगे। अव्यवस्था का जायजा नहीं ले पायेंगे, यह सीधे तानाशाही है। भाजपा सरकार मरीजों को इलाज दे पाने में असफल साबित हो रही है। आंबेडकर अस्पताल रायपुर अव्यवस्थाओं का केंद्र बन चुका है। अस्पताल में मरीज को इलाज के नाम पर परेशान किया जाता है। करोड़ों की मशीनें बंद पड़ी हैं, मरीजों को छोटे-छोटे टेस्ट के लिए भटकना पड़ता है। कमोबेश पूरे प्रदेश में यही हालात हैं। प्रदेशभर के सरकारी अस्पताल में दवायें, डॉक्टरों और जांच के लिए दुर्व्यवस्था सुधारने के बजाय अस्पताल की अव्यवस्था की खबरों को दबाना चाहती है। भाजपा सरकार को लोगों के स्वास्थ्य की चिंता है ही नहीं।



# भूपेश ने कहा- सरकार नहीं चाहती किसान धान की पूरी पैदावार लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, सरकार नहीं चाहती किसान धान की पूरी पैदावार ले सकें। इसीलिये पूरे प्रदेश में उर्वरकों विशेषकर डीएपी, एनपीके का संकट पैदा किया जा रहा, किसानों को बीज नहीं उपलब्ध करवाया जा रहा, सरकार की मंशा धान के रकबे को कम करना है, ताकि समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदना पड़े। यहां की जलवायु और मिट्टी धान की फसल के अनुकूल है। खरीफ का धान हमारे किसानों की प्रमुख उपज है। इसमें व्यवधान राज्य के किसानों के लिये घातक है।



उन्होंने कहा, सरकार दूसरी फसलों को बढ़ावा दे, लेकिन किसानों का नुकसान करके ऐसा किया जायेगा तो ठीक नहीं है। किसानों को नुकसान पहुंचा कर नहीं लाभ देकर दूसरी फसलों की ओर प्रेरित किया जाये।

हमारी सरकार थी, तब हम राजीव गांधी किसान न्याय योजना में धान के किसानों को 9000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देते थे। दूसरी फसल लेने वालों को 10000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देते थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मानसून की दस्तक शुरू हो गयी है। खरीफ की बुवाई खाद और बीज की कमी के कारण प्रभावित हो रही है, भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार को छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की समस्या का कोई ख्याल नहीं है। पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं।

# 67 नई शराब दुकान खोलने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

शहर में शराब दुकानों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी की जा रही है और इस वर्ष 67 नई शराब दुकानें खोली जा रहे हैं। इसके विरोध में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पुलिस ग्राउंड के सामने शराब महोत्सव का आयोजन किया। यह प्रदर्शन पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस ग्राउंड के सामने किया गया। इस प्रदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा सहित



सभी मंत्रियों एवं विधायकों के मुखौटे लगाकर प्रदर्शन किए गए। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा हमर क्लीनिक हमर अस्पताल खोलने का काम किया गया था और उसमें से कुछ निर्माणाधीन थे, जो नहीं खुल पाए थे। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी तो उन अस्पतालों को नहीं खोला जा रहा है।

# महापौर मीनल चौबे ने दस जोन से मंगवाई जलभराव क्षेत्र की जानकारी

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम के 10 जोन क्षेत्र स्थित 70 वार्डों में जलभराव वाले संभावित क्षेत्रों की जानकारी मंगवाई है। बारिश पूर्व चिन्हांकित जलभराव क्षेत्रों की सफाई पर विशेष ध्यान देने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए। साथ ही ये भी कहा है कि आम जनता के घरों में बारिश का पानी न घुसे, इस बात को सुनिश्चित किया जाये। जोनवार जलभराव वाले संभावित क्षेत्र इस तरह से हैं :

**जोन 1 -** लक्ष्मी धरमकांटा ट्रांसपोर्ट, कोयला बस्ती, भनपुरी का विजयनगर, गंगा नगर, बुनियाद नगर इलाका, न्यू आनंद नगर, रामेश्वर नगर, संजय गांधी नगर, शिव नगर,नहरपारा क्षेत्र, ब्रम्हदेईपारा, सन्यासी पारा का निचला हिस्सा, शहीद नगर ,दीक्षा नगर, तुलसी नगर, सांई मंदिर के आगे, आदर्श नगर, बमलेश्वरी नगर क्षेत्र।

**जोन 2 -** घासपारा, वाल्मिकी नगर, जयश्री रामनगर, दुर्गानगर, झाझापारा, मांझीपारा, देवेन्द्र नगर सेक्टर 2,3, नर्मदापारा, पटरी लाइन, फाफाडीह, कल्याण हास्पीटल, जागृति नगर, न्यू कलिंगनगर, देवेन्द्र नगर थाना, खालसा स्कूल, आफिसर कालोनी, सरस्वती स्कूल क्षेत्र, गुजराती स्कूल, बीजेपी कार्यालय एकात्म परिसर के पास वाला क्षेत्र।

**जोन 3 -** अनुपम नगर, शक्ति नगर, जगन्नाथ नगर, गांधी नगर,अणुव्रत रेसीडेंसी, आनंद नगर, केनाल रोड वाला नाला क्षेत्र, तीन मुंहा नाला क्षेत्र।

**जोन 4-** नूरानी चौक राजातालाब गली नंबर 1,2,3 अरमान नाला, गणेश मंदिर के पास एवं पतंग गली सत्ती बाजार, गद्दा लाइन, गौरीशंकर मंदिर आकाशवाणी के पास, सतपथी चौक, डॉ. सोलंकी गली, दयानंद नगर, कटोरातालाब क्षेत्र।

**जोन 5 -** पंडित सखाराम दुबे स्कूल के पास, मिलेनियम चौक सुंदर नगर, पंकज गार्डन, प्रोफेसर कालोनी, डबरी पारा।

**जोन 6 -** देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल के पीछे वाला क्षेत्र, विधायक विश्राम गृह, चौरसिया कालोनी, धरम नगर, आछी तालाब एरिया, परशुराम नगर।

**जोन 7 -** डूमरतालाब क्षेत्र, विप्र कालेज, गोकुलनगर , गोपाल नगर, रामकुंड बस्ती, गीता नगर, राखी नगर।

**जोन 8 -** अटल आवास आदर्श चौक, गोपाल पांडे ढांचा भवन, सत्यम विहार, सालासर ग्रीन के पास सरोना, चंदनीडीह।

**जोन 9 -** दयानगर, चंडीनगर, सांई नगर।

**जोन 10 -** यहुआ चर्च के पास दया नगर, चंडी नगर, सांई नगर क्षेत्र।

**प्रारूप- 37**
(नियम 61 (3) देखिए)
**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना**
(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी ।)
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर सं. 192
तारीख - 18/06/2025

श्री/श्रीमती/कुमारी KAVITA SINGH, Son/ Wife/ Daughter of SHRI SANJAY SINGH, ADD- H.NO-19 BAGDAI VATIKA, KANDUL, RAIPUR, C.G. 492001, MOB- 8319020951, वित्तपोषक- BANK OF INDIA, RAIPUR - 492001 ने यह सूचित किया है कि उसने/ उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/ आडमान/ पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04MU6121 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है।
अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

**// आम सूचना //**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित **स्वतंत्र भवन ई.डब्ल्यु.एस. टाईप- 1/28,** को **श्री हुमेश कुमार साहू** के नाम से पर कार्यालय छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र 05 सेजबहार रायपुर के द्वारा नामांतरण आदेश क्रमांक 231 दिनांक 11.11.2019 के द्वारा जारी किया गया है। पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 24.06.2019 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन कर लिया है। वर्तमान में **श्री हुमेश कुमार साहू पिता श्री कैलाश साहू**, निवासीः- ग्राम निसदा पो.आ. पारागांव थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन **1. श्री धर्मेन्द्र कुमार साहू एवं 2. श्री जितेन्द्र साहू पिता स्व. श्री केशव साहू** निवासीः- ग्राम व पोस्ट रसनी थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित **स्वतंत्र भवन ई.डब्ल्यु.एस. टाईप- 1/28,** के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**:: उद्घोषणा ::**
क्रमांक 5658/ आर.सी./ रा.वि.प्रा. / 25
रायपुर, दिनांक 23.05.2025
प्राधिकरण की न्यू राजेन्द्र नगर (72 फ्लैट्स) योजना के अंतर्गत **श्री सुरेश कुमार साधू पिता स्व. बैशाखू राम साधू** को फ्लैट क्रमांक सी-05 (प्रथम तल) क्षेत्रफल 290 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त फ्लैट को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त फ्लैट को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राहय नहीं होगा।
दिनांक ........ को जारी ।
**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण,**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर- 16 तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन सूचना**
दिनांक 18/06/2025
प्रति,
1. प्रेमानंद पि. सुभाष 2. ड्रोन लहरे 3. नीरज अग्रवाल
**विषय-** आवेदक/आवेदिका प्रेमानंद पिता/पति सुभाष निवासी द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 421 क्षेत्रफल 0.1700 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।
**संदर्भ-** न्यायालय अति./नायब तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र. ...वा/अति./ना. तह./2024 धरसींवा दिनांक 11/12/2024 के संदर्भ में।
उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति./ना./तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 21/06/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11.00 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।
क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा। अतः सूचना जानें।
मुहर
राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर (छ.ग.)**
**// शपथ-पत्र //**
मैं, राजकुमार भोई, उम्र-43 वर्ष, पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार भोई, निवासी- गौतम नगर ईदगाह भाठा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं किः-
1- यह कि, मेरे स्वयं के नाम पर भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरा आधार नंबर- 8506 7742 3086 है उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम राजकुमार भोई दर्ज है।
2- यह कि, मेरे कुछ कुछ दस्तावेजों में मेरा घरेलू नाम राजा औसर दर्ज है।
3- यह कि, **राजकुमार भोई** एवं **राजा औसर** उक्त दोनों ही नाम मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है भविष्य में किसी प्रकार का कोई नाम संबंधित वाद विवाद होता है तो उसकी समस्त जवाबदारी मेरे स्वयं की रहेगी।
4- यह कि, यह शपथपत्र राजकुमार भोई एवं राजा औसर उक्त दोनों ही नाम मेरे एक ही व्यक्ति के नाम होने तथा मेरे आगे के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राजकुमार भोई दर्ज किये जाने तथा पढ़ा लिखा जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।
**टीप-** जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ती हो, तो इस नंबर 6266168313 पर संपर्क करें।
**सत्यापन**
मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि, इस शपथपत्र की कंडिका क्रमांक -01 से लेकर 03 तक की दी गई जानकारी सत्य है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।
**स्थान :- रायपुर छ.ग.**
**दिनांक- 18-06-2025**
राजकुमार भोई
शपथकर्ता

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



शिववास योग में होगा सावन का आगाज....

## सिटी लाइव

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग एवं भविष्य की आवश्यकताओं पर कार्यशाला



**रायपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न विभागों के संयुक्त तत्वाधान में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग एवं भविष्य की आवश्यकताओं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां सभी विभाग से शोधकर्ताओं ने मुख्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महानदी भवन नया रायपुर में किया गया, जहां छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक, इसरो के वैज्ञानिक डॉ. आनंद अरूर, रीजनल रिमोर्ट सेंसिंग सेटर नागपुर से डॉ. अनूप दास, स्पेस एप्लीकेशन सेंटर अहमदाबाद और छत्तीसगढ़ शासन के चिन्हित 28 विभागों के 73 अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 योजना के अंतर्गत कार्यशाला

यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होने वाले आगामी नेशनल मीट 2.0 'विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों का लाभ' कार्यशाला की तैयारी के लिए आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न राज्यों के आवश्यक बिंदुओं पर डॉक्यूमेंट तैयार कर प्रस्तुत किया जाना है। कार्यशाला में सम्मिलित अधिकारियों द्वारा विभागों की योजनाओं में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का वर्तमान में उपयोग व भविष्य में उपयोग से संबंधित परियोजनाओं के कियान्वयन के संबंध में सुझाव दिए गए। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा कार्यशाला में अंतरिक्ष तकनीकी के अनुप्रयोग का पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण दिया गया। छत्तीसगढ़ रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद को नोडल एजेंसी के रूप में चिन्हित किया गया है, जिनके द्वारा डॉक्यूमेंट तैयार किए जाएंगे।

● राजधानी के दृष्टि व श्रवण बाधित स्कूल मठपुरैना में पढ़ने वाले स्पेशल बच्चों के लिए आधुनिक क्लास रूम तैयार

# नए सत्र से स्पेशल बच्चों की स्कूल लर्निंग होगी हाईटेक, ब्रेल डिवाइज, हेडफोन और वाई-फाई से कनेक्ट रहेगी टीवी स्क्रीन

शहर में सामान्य बच्चों के स्कूल शुरू हो गए हैं। ऐसे में स्पेशल बच्चे कैसे पीछे रह सकते हैं। राजधानी के दृष्टि व श्रवण बाधित स्कूल मठपुरैना के नवप्रवेशी स्पेशल बच्चे इस नए सत्र से हाईटेक क्लास रूम में स्कूल लर्निंग करेंगे। इसके लिए स्कूल प्रबंधन ने कक्षाओं में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइज लगाए हैं। इनमें पहली बार इलेक्ट्रॉनिक एनी ब्रेल डिवाइज, हाईटेक हेडफोन, वाई-फाई कनेक्टेड टीवी स्क्रीन शामिल है।



### बेंगलुरु से मंगाई 12 लाख की 10 एनी ब्रेल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइज

प्राचार्य ने बताया कि पहली बार स्कूल में बेंगलुरु से एनी ब्रेल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइज नामक नया लर्निंग उपकरण खरीदा गया है। नए सत्र में क्लास वन में नवप्रवेशी स्पेशल छात्र-छात्राओं सहित सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को एनी ब्रेल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइज से हाईटेक रूप में स्कूल लर्निंग में मदद मिलेगी। इसके लिए 10 नए एनी ब्रेल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइज करीब 12 लाख रुपए की लागत से खरीदा गया है। इस डिवाइज से कक्षा-1 के बच्चों के लिए अंक व अक्षर ज्ञान बेहद सरल हो जाएगा। एनी एक इलेक्ट्रॉनिक ब्रेल डिवाइस है, जो दृष्टि बाधित लोगों को ब्रेल सीखने, पढ़ने, लिखने और टाइप करने में मदद करती है। यह एक स्व-शिक्षण उपकरण है, जो ऑडियो-निर्देशित गेमिफाइड सामग्री का उपयोग करता है, जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक इंटरैक्टिव और मजेदार बनाती है। यह डिवाइस टच और ऑडियो फीचर्स के माध्यम से बच्चों को ब्रेल अक्षरों को पहचानने और लिखने में सहायता करेगी।



**रायपुर।** स्कूल के प्राचार्य व प्रभारी अधीक्षक एके त्रिवेदी ने बताया कि विद्यालय में नए सत्र की शुरुआत 1 जुलाई से होने जा रही है। इस सत्र में स्पेशल चाइल्ड लर्निंग सिस्टम को और अधिक आधुनिक माध्यम से सरल बनाने की दिशा में काम किया गया है। इसके लिए स्कूल के कक्षाओं को स्मार्ट क्लास रूम में कन्वर्ट किया गया है। साथ ही कक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व स्कूल शिक्षकों को नए आधुनिक लर्निंग डिवाइज सिस्टम को सही तरीके से ऑपरेट करने प्रशिक्षित भी किया जा रहा है, ताकि वह स्कूल के नवप्रवेशी छात्राओं को इन आधुनिक लर्निंग डिवाइजेस से सही व सरल तरीके से संबंधित विषयों का सरल व रचनात्मक रूप से शिक्षण करा सके। आधुनिक क्लास रूम तैयार हो चुका है। प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।



### टेक्नॉलॉजी से प्रशिक्षित 22 शिक्षकों की टीम

प्राचार्य एवं अधीक्षक एके त्रिवेदी ने बताया कि स्कूल में 22 ऐसे शिक्षकों की टीम है, जो खुद आधुनिक तौर पर मोबाइल डिवाइज से लेकर ब्रेल डिवाइज, कंप्यूटर, स्क्रीन एजुकेशन, इंटरनेट ऑपरेटिंग सिस्टम से पूरी तरह प्रशिक्षित है। साथ ही समय-समय पर स्कूल में उपलब्ध होने वाली नई इलेक्ट्रॉनिक लर्निंग डिवाइज पर बच्चों को शिक्षा प्रदान करने से पूर्व शिक्षकों को उस डिवाइस को ऑपरेट करने की प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि कक्षा 1 से 12वीं तक के इन स्पेशल बच्चों को सरल रूप से आधुनिक लर्निंग डिवाइजेस की मदद से हाईटेक एजुकेशन दी जा सके।



### 10 कंप्यूटर सहित 8 नए 55 इंची टीवी स्क्रीन की सुविधा

कक्षा शिक्षक महेंद्र साहू ने बताया कि स्कूल की 8 कक्षाओं में 55 इंची टीवी स्क्रीन लगाई गई हैं। इस टीवी स्क्रीन पर श्रवण एवं दृष्टि बाधित व मूक बधिर बच्चों को पिक्चर, वीडियो और साउंड के माध्यम से विषयों को पढ़ाया जाएगा। वहीं 10 कंप्यूटर सेट के माध्यम से कंप्यूटर की शिक्षा भी दी जाएगी। इस तरह से स्कूल के स्मार्ट क्लास में श्रवण एवं दृष्टि बाधित व मूक बधिर छात्र-छात्राओं की स्कूल लर्निंग को बेहद सरल व रुचिकर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



## लाइव इवेंट

## नौ बाइक राइडर्स ने चुनौतियों के बीच 34 दिन में पूरा किया भूटान तक का सफर



**रायपुर।** समय के साथ अलग-अलग क्लब से जुड़े राइडर्स बाइक से दुनिया नापने लगे हैं। सैर-सपाटे की इस परंपरा को भाईकर्स राइडिंग क्लब के राइडर्स ने नई ऊंचाइयां देते हुए 34 दिनों में 7000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है। युवा बाइकर्स भारत से भूटान के बीच प्राकृतिक सुंदरता और स्थानीय संस्कृति से जुड़े हैं। यात्रा की शुरुआत 7 मई को रायपुर से हुई। जो ओडिशा, झारखंड, वेस्ट बंगाल, असम और मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर ,नागालैंड, माजुली आईलैंड, अरुणाचल प्रदेश, माधुरी लेक, भूटान के प्रसिद्ध स्थानों से होते हुए आगे बढ़ी। राइडर स्वप्निल प्रेमदास ने बताया कि राइडिंग क्लब द्वारा अब तक की सबसे बड़ी यात्रा इस बार की गई है। इससे पहले 4-5 हजार किलोमीटर तक यात्रा की गई थी।

### मैगी और चावल-दाल खाकर गुजारी रात

राइडिंग ग्रुप में स्वपनिल प्रेमदास, लखन शर्मा, जयंत कोसारी, प्रशांत गायकवाड़, लोकेश शामकुंवर, अमर शामकुंवर, सत्यम गुप्ता, हर्षित शामिल हैं। उन्होंने सभी चुनौतियों का सामना करते हुए 7000 किलोमीटर लंबी यात्रा पूरी की। यात्रा के दौरान सबसे बड़ी चुनौती शाकाहारी भोजन की तलाश करना रहा। कई बार केवल मैगी और दाल-चावल खाकर रात बितानी पड़ी, लेकिन बाइक राइडर्स ने सफर जारी रखा। यात्रा के दौरान प्राकृतिक सुंदरता के मनमोहक दृश्य देखने को मिले। जहां प्रत्येक स्थान पर संस्कृति एवं परंपराओं को जानने का अवसर भी मिला। इस दौरान खराब मौसम, उबड़-खाबड़ मार्गों पर गाड़ी चलाने का अलग ही अनुभव मिला। पहाड़ी क्षेत्रों में हर एक घंटे में मौसम बदलता था। राइडिंग क्लब द्वारा यह अब तक की सबसे लंबी यात्रा की गई। इससे पहले नेपाल, उत्तराखंड ( चार धाम यात्रा), लद्दाख तक यात्रा की गई थी।

### मिजोरम के राइडर्स ने की मदद, मंगाए पार्ट्स



खराब सड़कों के कारण सभी राइडर्स की गाड़ी की क्लच प्लेट खराब होती रही। कई ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी गाड़ियों के पार्ट्स मिलना भी एक बड़ी चुनौती थी। इससे बचने के लिए रायपुर से गाड़ी के पार्ट्स मंगाए गए और मिजोरम के स्थानीय रॉयल इनफील्ड के सबसे पुराने बाइक राइडर्स क्लब ने इसमें मदद की। राइडिंग के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 4 बजे ही सुबह हो जाती, वहीं शाम 5-6 बजे अंधेरा होने से दुकानें 7 बजे तक बंद हो जाती थीं। इसके चलते आगे बढ़ना आसान नहीं होता, इसमें लोग भी सहयोगी बनते हैं।

## जयपुर पैर के सहारे स्कूल जा सकेंगे तीन विद्यार्थी, 6 दिव्यांगों की राह होगी आसान

**रायपुर।** जन्म के समय एक पैर आधा रह गया। इसके चलते 6 वर्षीय कार्तिक को स्कूल जाने में दिक्कत होती थी, लेकिन बुधवार को विनय मित्र मंडल की पहल से पचपेड़ी नाका स्थित वर्कशॉप में उन्हें जयपुर पैर का सहारा मिला। पिता लालजी और मां सोनू पैकरा ने बताया कि कार्तिक उनकी पहली संतान है। जन्म से उनका एक पैर अर्धविकसित रह गया, इस कारण 6 वर्ष की आयु में भी स्कूल में दाखिला नहीं लिया है। पिता ने बताया कि जयपुर पैर लगाकर इस वर्ष कार्तिक अपने ग्राम गंगापुर लटोरी सूरजपुर में पहली कक्षा में दाखिला लेकर पढ़ाई शुरू करेगा। मंडल के संस्थापक महेंद्र कोचर, पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद ने यह जानकारी दी। बताया कि इसी तरह की पीड़ा से जूझ रहे 6 दिव्यांगों को कृत्रिम पैर दिया गया है।



### मित्र मंडल कर रहा वर्कशॉप का संचालन

स्व. केशरीचंद कोठारी के आत्मश्रेयार्थ इचरज देवी कोठारी सुपुत्री शारदा चोपड़ा सुपुत्र कमलेश, विमलेश कोठारी द्वारा 6 दिव्यांगों को जयपुर पैर प्रदान किया गया। मंडल द्वारा विगत 39 वर्षों से पचपेड़ी नाका में जयपुर पैर के लिए वर्कशॉप संचालित किया जा रहा है। दिव्यांगों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था के साथ कृत्रिम पैर निशुल्क दिया गया। स्व. केशरीचंद कोठारी की स्मृति में परमेश्वर सिदार 17 वर्ष, शिवमाया यादव 46 वर्ष, जयसिंह 15 वर्ष, कार्तिक पैकरा 6 वर्ष, राजू सोनी 50 वर्ष, सुरेंद्र सिंह 48 वर्ष को भी शारदा चोपड़ा, योगेश चोपड़ा की उपस्थिति में निशुल्क जयपुर पैर प्रदान किया गया।

## सभी जिलों में 21 जून को होगा योगाभ्यास, जशपुर में महाकुंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग इस बार वनांचल क्षेत्र में योगाभ्यास को बढ़ावा देने के लिए जशपुर में योग का महाकुंभ आयोजित करने वाला है। इसके लिए सभी तरह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। इसे सफल बनाने के लिए दायित्वों का विभाजन भी किया है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जशपुर में सुबह 7 से 8 बजे के बीच रणजीता स्टेडियम इस बार योगाभ्यास का महाकुंभ होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए योग गुरुओं का भी प्रशिक्षण दिया गया है।



### अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजन

स्वस्थ मन और निरोगी काया के लिए रोज सुबह नियमित योग करने की आदत डालने पर जोर देते हुए योग आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि इसके लिए 21 जून को सभी जिलों में योग दिवस पर आयोजन का सिलसिला चलेगा। इस तरह की पहल इसलिए की जा रही है, ताकि हर वर्ग के लोगों को प्रदेशभर में जोड़ सकें। इसके लिए सभी जिलों में योग प्रशिक्षणों को सफल आयोजन को मूर्तरूप देने का दायित्व दिया गया है। इसमें व्यवस्था बनाने में जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी न केवल सहयोग करेंगे, बल्कि वे खुद भी आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

### समाजसेवी संस्थाएं पीड़ितों को उपलब्ध करा रहीं ब्लड

## सिकलिन पीड़ितों को राहत देने संस्थाएं भेज रहीं डोनर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सिकलसेल पीड़ितों की तादाद लगातार बढ़ रही है। सिकलिन पेशेंट के लिए काम करने वाली संस्थाओं की मानें तो प्रदेश में रोगियों की संस्था दो लाख से ज्यादा है। इनके माता-पिता के सामने बेटे-बेटी का जीवन बचाने हर एक से डेढ़ महीने में ब्लड की जरूरत होती है। पालकों से सरोकार बढ़ाने और उनके बेटे-बेटियों को बचाने के लिए शहर में कई संस्थाएं हैं, जो ब्लड डोनर और ब्लड भी उपलब्ध कराने में सहयोगी बन रही हैं। ऐसी संस्थाओं द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर के साथ ही सिकलसेल से बचाव और रोगियों को जरूरत पड़ने पर रक्तदाता बनकर मदद भी करते हैं। इस काम के लिए वैसे तो समय-समय पर युवाओं के ग्रुप रक्तदान शिविर लगाते हैं, लेकिन कुछ ऐसी संस्थाएं हैं, जो हर महीने पीड़ितों के लिए ब्लड उपलब्ध कराने शिविर का दायित्व निभाती हैं।





### हर महीने उपलब्ध कराते हैं डोनर



सिकलसेल के लक्षण, प्रकार और गंभीरता पर कई चीजें निर्भर करती है। इस अनुवांशिक बीमारी की वजह से पेशेंट में रक्त आधान से शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या और हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है। हर महीने पेशेंट को ब्लड की जरूरत होती है। इसके लिए ओम सांई रक्तदाता सेवार्थ समिति के संस्थापक एम. वासुदेव राव भी संस्था से जुड़े प्रदेशभर के 12 सौ से ज्यादा डोनर के माध्यम से हर महीने 15 से 20 जरूरतमंदों को ब्लड उपलब्ध कराते हैं। इससे बेटे-बेटियों का जीवन बचाने व माता-पिता का सहारा बनने युवा डोनर्स टीम भावना से काम करते हैं। इसके लिए उन्होंने वाट्सएप ग्रुप बनाया है।

### 76 पीड़ितों को हर महीने देते हैं ब्लड

'कोई अपना-सा हो' नाम से शहर की काजल और सुरेश सचदेव ने ग्रुप बनाया है। इसके माध्यम से अभी तक दिल्ली, बेंगलुरु, नागपुर जैसे बड़े शहरों से डॉक्टर्स बुलाकर हर महीने जागरूकता, जांच शिविर भी लगवा रहे हैं। वर्तमान में संस्था से 960 सक्रिय ब्लड डोनर जुड़े हैं। वे हर महीने अलग-अलग तरह की बीमारी और सिकलिन सहित दुर्घटना में घायलों को भी ब्लड उपलब्ध कराते हैं। इसके लिए समय-समय पर शिविर के माध्यम से ब्लड डोनेट कराने के बाद सरकारी अस्पतालों में ब्लड की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हैं। इनमें सिकलिन के 76 पीड़ितों को जब जरूरत पड़ती है, ब्लड डोनेट करते हैं। काजल सचदेव ने बताया कि सिकलिन पेशेंट की मदद करने हर महीने शिविर में आने वाले 80 से 100 डोनर्स द्वारा ब्लड डोनेट किया जाता है, ताकि पीड़ितों के माता-पिता को इलाज में भी सहयोग किया जा सके। साथ ही पेशेंट को ब्लड उपलब्ध कराने के लिए ब्लड डोनेशन कैम्प भी लगाते हैं। इसमें जनसहयोग से पीड़ितों को हर महीने पड़ने वाली ब्लड की जरूरत को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। इसका फायदा हर साल सैकड़ों पेशेंट को देने में संस्था और इसके मेंबर्स सेवा की भावना से सहभागी बनते हैं।

**सिटी लाइव**

# विशेष शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला, नवाचार लाने पहल



**रायपुर।** राजधानी में बौद्धिक मंदता दिव्यांगजनों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिहैबिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली के तत्वावधान में राजधानी के प्रेस क्लब सभागार में 17 से 19 जून तक चलने वाली इस कार्यशाला में बौद्धिक मंदता के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेष शिक्षक व अन्य प्रोफेशनल को नवाचारी शिक्षण पद्धति के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सामर्थ्य 3 जोनल लेवल ऑफलाइन सीआरई वर्कशॉप ऑन स्ट्रेन्थिंग अवेयरनेस एंड सपोर्ट फॉर इंडिविजुअल विथ इंटेक्चुअल डिसएबिलिटी विषय नाम से आयोजित इस वर्कशॉप में विषय विशेषज्ञों की टीम बौद्धिक मंदता से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन को सरल व सहज बनाने के दिशा में नवाचार लाने प्रेजेंटेशन दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्यागजन वित्त विकास निगम के प्रबंध संचालक शरद तिवारी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रतिकांत साहू, छत्तीसगढ़ सेवप्रदाता संघ के अध्यक्ष दीपक तिवारी व संयुक्त संचालक कार्यालय समाज कल्याण विभाग से अखिलेश तिवारी व पंचायत इंस्पेक्टर अनीता ठाकुर ने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर व सरस्वती माता के छायाचित्र की पूजा-अर्चना से वर्कशॉप का शुभारंभ किया।

### पांच राज्यों में कर रहे जागरूकता कार्य

संस्था के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व गुजरात में बौद्धिक मंदता से पीड़ित व्यक्तियों के बेहतरी के लिए जनजागरूकता लाने कार्य कर रही है। इस कार्य में 100 से अधिक प्रतिभागी दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इनका उद्देश्य इन राज्यों में वर्कशॉप व फील्ड वर्क से बौद्धिक मंदता के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेष शिक्षक व अन्य प्रोफेशनल को नवाचारी शिक्षण पद्धति के बारे में अवगत कराना है।

● इस सावन व्रतधारियों को मिलेंगे सिर्फ चार सोमवार, इसलिए कांवर यात्रा भी पहले हो जाएगी शुरू

# शिववास योग में होगा सावन का आगाज, दूसरे सोमवार से हाटकेश्वरनाथ में कांवरियों का तांता

**'शिव परिवार की आराधना का महीना सावन इस बार 11 जुलाई को शिववास योग में ही शुरू हो रहा है। शिवभक्तों को इस साल शिव उपासना के लिए सिर्फ चार सोमवार ही मिलने वाले हैं। इसे देखते हुए विभिन्न आयोजन समितियों द्वारा अलग-अलग क्षेत्र से महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर तक निकाली जाने वाली कांवर यात्रा को छोटी समितियों के लोग दूसरे सोमवार से शुरू करने वाले हैं। बड़े आयोजकों ने अंतिम सोमवार से पहले रविवार को कांवरियों का तांता सजाने का निर्णय लिया है।'**

**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी आयोजकों ने सावन में उत्सव मनाने की तैयारी शुरू की है। कई समितियों ने सावन में सिर्फ चार सोमवार मिलने की वजह से दूसरे सप्ताह से ही भक्तों का कारवां सजाने का निर्णय लिया है। इस बार सावन महीना 11 जुलाई से 9 अगस्त तक रहेगा। इस बीच कुल 4 सोमवार पड़ेंगे। इस बार सावन के पहले दिन शिववास योग का संयोग बन रहा है, जो कि बहुत शुभ माना जाता है।





### अंतिम सोमवार से पहले भक्तों का मेला

*इस साल भी गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत की अगवाई में भव्य कांवर यात्रा का आगाज 3 अगस्त यानी चौथे सोमवार से एक दिन पहले ही होगा। आगे बताया कि इस बार भी बैंड-धुमाल, पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ आकर्षक झांकी कांवर यात्रा में आकर्षण का केंद्र होगी। इसके लिए व्यवस्थागत तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। झांकी सजाने वालों से भी चर्चा का दौर शुरू हो गया है। झांकी में किन प्रसंगों पर आधारित कृतियों को कांवर यात्रा का हिस्सा बनाया जाए, इसके लिए समिति से जुड़े मेंबर्स से चर्चा के बाद आर्डर दिया जाएगा। आयोजन की भव्यता परंपरागत रूप से ही रहेगी।*

### मोहल्लों की समितियों ने भी शुरू की तैयारी

*भनपुरी से नागभूषण राव, रावांभाठा से ओमप्रकाश साहू और फाफाडीह से त्रिलोचन साहू की अगवाई में भी कांवरियों का जत्था दूसरे और तीसरे सोमवार को ही कांवर यात्रा का आयोजन करने वाला है। इसके लिए आयोजकों ने व्यवस्थागत जिम्मेदारी बांटने के साथ ही समय पर उसे पूरा करने के लिए सहमति भी बनाई है। इसी तरह लाखेनगर और आमापारा समिति के लोगों ने बताया कि आगामी रविवार को मीटिंग करके कांवर यात्रा की रूपरेखा तैयार की जाएगी। कुछ इसी तरह का निर्णय रामराज परिवार द्वारा लिया जाना है।*



### हाटकेश्वर नाथ में रंगाई-पोताई

इस साल भी सावन में महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों का मेला लगने वाला है। इसे देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने रंगाई-पोताई का काम पूरा करा लिया है। भक्तों को किसी तरह की परेशानी से बचाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की प्रक्रिया 9 जुलाई को पूरी की जाएगी। इसके बाद कांवरियों को सहयोग देने के लिए सावन में रविवार और सोमवार को कार्यकर्ता तैनात रहेंगे। सुरेश गिरी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी लगाना जरूरी है, इसके लिए पुलिस प्रशासन से मांग करेंगे।

साथ ही पहला सोमवार 14 जुलाई, दूसरा 21, तीसरा 28 जुलाई और चौथा सोमवार भक्तों को 4 अगस्त को मिलेगा। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होने से इस बार कांवरियों का कारवां दूसरे सोमवार से सजने वाला है। इसके लिए अलग-अलग मोहल्ले से आयोजन कांवर यात्रा निकालेंगे।

### शिव शक्ति समिति दूसरे सप्ताह निकालेगी कांवर यात्रा

*बिरगांव के बंजारी माता वार्ड स्थित श्री शिव शक्ति सेवा समिति के प्रमुख दिलीप सिंह परिहार और उमेंद्र यदु ने बताया कि समिति के मेंबर्स से तालमेल बनाकर दूसरे या तीसरे सोमवार को ही कांवरियों का दल भगवान हाटकेश्वर नाथ को जल अर्पित करने निकलेगा। प्रयास किया जा रहा कि इस आयोजन को पहले ही किया जाए, क्योंकि अंतिम सोमवार को बड़े आयोजकों की वजह से व्यवस्था बनाने में दिक्कतें आती हैं। इस सावन में पांच की जगह चार सोमवार मिलने से चौथे सोमवार का विकल्प नहीं है। समिति इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सावन के पहले सोमवार को ही अंतिम निर्णय लेगी। इसके तहत ही कांवर यात्रा निकलेगी।*

**समाज लाइव**

# पंजाबी संस्कृति की खुशबू बिखेरने महिला विंग ने संभाली कमान



**रायपुर।** पंजाबी संस्कृति की खुशबू बिखेरने इस साल सिख समाज महिला विंग ने खास योजना बनाई है। महिला विंग की नवनियुक्त अध्यक्ष अन्नू होरा ने बताया कि पंजाब की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने इस बार लोहड़ी, बैसाखी, दिवाली आदि पर्व पर विविध आयोजन होंगे। धार्मिक यात्रा के लिए भी योजना बनाई जा रही है। गुरुनानक देवजी का संदेश मानव सेवा-सर्व सेवा को चरितार्थ करते हुए समाज और युवा पीढ़ी के बीच जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। इसी कड़ी में समाज की बालिकाओं, बहुओं, बहनों को सिख धर्मगुरुओं के उपदेशों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समाज की कोर कमेटी ने सिख समाज महिला विंग की कमान अन्नू होरा को सौंपी है।

### परिचय सम्मेलन की वर्तमान में जरूरत

इस अवसर पर महिला विंग अध्यक्ष ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका मैं बखूबी पालन करते हुए सबको साथ लेकर पंजाबी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में काम करूंगी। समाज में परिचय सम्मेलन की वर्तमान में जरूरत महसूस की जा रही है। महिला विंग की तरफ से इसके लिए सक्रिय पहल की जाएगी। सिख समाज की महिला विंग की जम्बो कार्यकारिणी में सुरेंदर कौर छाबड़ा, चरणजीत कौर छाबड़ा, सुरेंदर कौर चावला, डॉ. रीना टुटेजा, सोमा छाबड़ा, हरप्रीत होरा, डॉली गुम्बर, हरजीत कौर खुराना आदि की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

# गणेश जन्मोत्सव प्रसंग के बाद द्वादश ज्योतिर्लिंग की बताई महत्ता

**रायपुर।** शिव महापुराण में भगवान गणेश जन्मोत्सव प्रसंग का जिक्र करते हुए अयोध्या धाम से आए कथावाचक आचार्य जयप्रकाश तिवारी ने बुधवार को आठवें दिन की कथा में बताया कि माता पार्वती ने स्नान के लिए जाने से पहले अपने शरीर की मैल से एक पुतला बनाया और उसमें प्राण डाल दिए, इससे गणेशजी का जन्म हुआ। माता पार्वती गणेशजी को पहरा देने के लिए कहने के बाद स्नान के लिए चली गईं। जब भगवान शिव आए तो गणेशजी ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। इससे शिवजी क्रोधित हो गए और उन्होंने गणेश का सिर काट दिया। माता पार्वती को दुखी देखकर शिवजी ने हाथी का सिर गणेशजी को लगाते हुए उन्हें जीवित किया और इस तरह गणेश को गणपति नाम मिला, इसका अर्थ गणों का नेता होता है।



### सुख-समृद्धि की प्राप्ति भी होगी



महाराज ने बताया कि महादेव इतने शांत और सरल हैं कि उन्हें केवल जल और एक बेलपत्र से प्रसन्न किया जा सकता है, लेकिन मन में छल हो, किसी के लिए दुर्भावना हो, द्वेषभाव हो तो महादेव की कृपा प्राप्त नहीं होती। कई धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों की उपासना करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। द्वादश ज्योतिर्लिंग, भगवान शिव के 12 पवित्र मंदिर हैं, जो सनातन धर्म में बहुत अधिक महत्व रखते है। इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन, पूजन और आराधना से भक्तों के सभी पाप कट जाते हैं। भक्तों को शिव भक्ति का फल मिलता है व मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### आज होगी द्वादश ज्योतिर्लिंग की पूजा

गुरुवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन का आयोजन कथास्थल पर किया जाएगा। महाराजश्री ने बताया कि इस पूजन में अधिक से अधिक संख्या में भक्त पहुंचकर महादेव की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। जहां द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शनमात्र से सभी पाप नष्ट होते हैं, वहीं पूजन से मोक्ष प्राप्ति होती है। आयोजन अवलंबन वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। कथास्थल पर नितेंद्र सिन्हा, जेपी शर्मा, नीरज शर्मा, संदीप, आंचल गिरी गोस्वामी, अपेक्षा चौहान, विक्की साहू, देवनारायण वैष्णव प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर विशेष चित्रकला प्रदर्शनी स्पर्धा



**रायपुर।** राजधानी सहित प्रदेशभर में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अहिल्याबाई होल्कर का जीवन संघर्ष के विविध रूपों को कैनवास पर उकेरा गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की संस्था दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर के तत्वावधान में अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती पर विशेष चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव पर दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर की निदेशक आस्था कारलेकर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित 51 चित्रों की एक प्रदर्शनी निर्माण करने की स्वीकृति सहर्ष प्रदान की। इस हेतु संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 18, 19 व 20 अप्रैल को राजधानी रायपुर में एक वृहद चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बस्तर के कोंडागांव कांकेर, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ ,कोरबा , धमतरी आदि स्थानों से चित्रकला के वरिष्ठ, युवा कलाकार जो उपाधि प्राप्त कलाकारों को आमंत्रित किया गया। तीन दिवस लगातार इन चित्रकारों ने अहिल्याबाई के संपूर्ण जीवन को बहुत सुंदर ढंग से अपने तूलिका से उकेरा। विशेष बात यह है कि इस हेतु 3.5 फीट बाई 3 फीट के फ्रेम सहित कैनवास, उच्च स्तर के एक्रेलिक कलर एवं ब्रश के रूप में प्रमुख संसाधन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर ने उपलब्ध कराया। वहीं 16, 17 व 18 को आयोजित रंग संस्कार महोत्सव में प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन प्रदेश के प्रसिद्ध अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा ने किया। लगातार तीन दिवस हजारों दर्शकों ने इस प्रदर्शनी को देखा एवं सराहा। उल्लेखनीय बात है कि महोत्सव के समापन अवसर पर 18 मई को बॉलीवुड के प्रसिद्ध सिने कलाकार पद्मश्री मनोज जोशी ने लोकमाता अहिल्याबाई की इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### कोरबा में हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का समापन

20 से 22 मई को रायगढ़, 7 व 8 जून को भिलाई, 26 मई से 12 जून को कोरबा में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर चित्रमाला प्रदर्शनी लगाई गई। अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर चित्रमाला प्रदर्शनी का अंतिम कार्यक्रम 12 जून को कोरबा में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कन्वेंशन सेंटर का नामकरण अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया। यह प्रदेश का एकमात्र कन्वेंशन सेंटर है, जिसका नाम पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर के नाम से रखा गया है। मुख्यमंत्री ने अहिल्याबाई होल्कर से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# कामाख्या मंदिर में अंबुवाची योग पूजा गुवाहाटी की तर्ज पर पूरा करेंगे विधान

## 22 से 26 जून तक पांच दिवसीय आयोजन की तैयारी

**रायपुर।** श्री कामाख्या सेवा समिति द्वारा अंबुवाची योग पूजन का आयोजन फाफाडीह स्थित कामाख्या मंदिर परिसर में 22 से 26 जून तक किया जा रहा है। पांच दिवसीय पूजा के दौरान पहले दिन गणेश पूजन, कच्छप पूजन, गौरी-गणेश व कलश स्थापना, नौ कलश चक्र, नवग्रह, चर्तुदिक शिवलिंग, चौसठ योगिनी, षोडशमातृका, सप्तघृत मातृका, क्षेत्रपाल चक्र, वास्तु चक्र, पंच लोकपाल, दस दिगपाल पूजन गुवाहाटी स्थित कामाख्या मंदिर के तर्ज पर किया जाएगा। 22 जून को पूजन के बाद तीन दिनों तक मंदिर के पट बंद हो जाएंगे, जिसके बाद 25 जून को पट दोबारा खुलेंगे।



### 26 जून को पालकी यात्रा और तांत्रिक मंत्रोच्चार से हवन

22-24 जून को जसगीत, दुर्गा सप्तशती पाठ, सुंदरकांड पाठ का आयोजन मंदिर परिसर में होगा। वहीं 25 जून को देर रात माता कामाख्या मंदिर के पट खुलेंगे। तीन दिनों के बाद षोडषोपचार, अभिषेक व श्रृंगार पूजन किया जाएगा। 26 जून को मंदिर परिसर में दोपहर 1 बजे हवन पूजा किया जाएगा, जिसके बाद भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया है। इस दौरान रथ के आगे कलश यात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा की शुरुआत मंदिर परिसर से होगी, जो देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र तक नगर भ्रमण कर वापस लौटेगी। इस दिन कुंवारी कन्या पूजन, भोग भंडारा, प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालु सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होंगे। मान्यता के अनुसार पूजन के दौरान भक्तों की मनोकामनाएं माता पूर्ण करती हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता की विजेता रही साईं रायपुर की टीम



**रायपुर।** सिटी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 14 एवं 15 जून को सप्रे स्कूल रायपुर के मैदान में किया गया । जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों से लगभग 20 पुरूष वॉलीबाल दलों ने भाग लिया। नाक आउट पद्धति से खेली गई चौम्पियनशिप का उद्घाटन पार्षद एवं एम.आई.सी. सदस्य मनोज वर्मा, छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबाल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान, भारतीय रेड क्रास सोसयटी की कोषाध्यक्ष पल्लवी पाण्डेय के साथ ही सिटी स्पोर्ट्स क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने किया। चौम्पियशिप का सेमीफायनल मैच रायपुर और साई (बी) के मध्य हुआ। रायपुर ने लगातार दो सेटो में 25-19 25-23 से जीत कर फायनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमी फायनल मैच में साई ए और बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसे साई रायपुर ने 25-23, 25-19 से सीधे सेटो में जीत कर फायनल में जगह बनाई। फाइनल बेहद ही रोमांचक रहा जिसे साई ने रायपुर को 4-1 से 19-25, 25-23, 25-17, 25-23 से जीत कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 10000/- की नगद राशि शेख महबूब मुर्शीद के द्वारा और द्वितीय पुरस्कार 5000/- मनोज वर्मा ने दिया। चैम्पियनशिप में बेस्ट अटैकर रायपुर के मयंक, बेस्ट सेटर साई के हर्ष दुबे और बेस्ट ब्लाकर मनोज साहू रहें। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सूर्यकांत राठौर सभापति नगर पालिक निगम, सुभाष तिवारी पूर्व पार्षद व अध्यक्ष सिटी स्पोर्ट्स क्लब एवं श्रीमती पल्लवी पाण्डेय रहीं। चौम्पियनशिप को सफल बनाने में वरिष्ठ सदस्य लाल निषाद, इरफान खान, राजेश सोमवंशी, नितिन पाण्डेय, एफ.आई.बी. लेवल-2 कोच एवं सचिव बलौदाबाजार जिला वॉलीबाल संघ दीनदयाल चौधरी, रविन्द्र बागी, शेख महबूब मुर्शीद, त्रिपाठी, दिपेश सिन्हा और रेणू पारीक आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन नितिन पाण्डेय ने किया। सचिवीय प्रतिवेदन जनक राम यादव व आभार व्यक्त लालजी निषाद ने किया।.

### मैट्स विवि की टीम ने जीती नेशनल कबड्डी, डेढ़ लाख नगद इनाम भी




**रायपुर।** बीपीएड तृतीय सेमेस्टर के छात्र कैप्टन मनीष यादव के नेतृत्व में मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर की टीम ने अखिल भारतीय कबड्डी चैंपियनशिप जीती। ओडिशा के जाजपुर के खंडीतार में 14 से 16 जून तक 70वीं अखिल भारतीय कबड्डी चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें मैट्स विश्वविद्यालय के मनीष कुमार यादव ने टीम का नेतृत्व किया। टीम ने फाइनल जीत लिया। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि और लीडर के रूप में विशिष्ट योगदान की बदौलत टीम ने विजेता ट्रॉफी उठाई और 1,50,000 रुपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। विश्वविद्यालय परिवार ने उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 25 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता" का आयोजन 15 से 19 जुलाई तक सूरजपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता हेतु रायगढ़ जिले के खिलाड़ियों का चयन 25 जून को दोपहर 3:00 बजे से रायगढ़ स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में जिला स्तरीय ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। बालक एवं बालिका एकल वर्ग के इस ट्रायल में योनेक्स फैदर शटल कॉक का उपयोग किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष अकरम खान एवं सचिव सौरभ पंडा ने बताया कि पंजीयन एवं शुल्क विवरण ट्रायल एंट्री शुल्क400 प्रति खिलाड़ी जिला वार्षिक पंजीयन शुल्कः 200 (यदि पूर्व में नहीं दिया गया हो) राज्य पंजीयन शुल्क ( छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ): 220 होगा, जो राज्य प्रतियोगिता से पूर्व अनिवार्य है। एंट्री करने की अंतिम तारीख 24 जून दोपहर 12:00 बजे तक है। संघ के संरक्षक अरुण बेरीवाल, सुभाष अग्रवाल, चेयरमैन प्रवीर शाह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवानदास बजाज, सह सचिव कुंदन सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती अरुणा चौहान, राजेश यादव, अजय थवाईत, श्याम गोयल, कन्हैया शर्मा, राकेश पटेल एवं हितेश वर्मा ने सभी खिलाड़ियों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

### मौसम का असर पड़ता है हमारी पाचन प्रणाली पर

# इस मौसम में पेट की सेहत दुरुस्त रखने इन बातों पर दें विशेष ध्यान, समस्याओं से रहेंगे कोसों दूर

अभी गर्मी पूरी तरह गई नहीं है और बारिश भी जमकर नहीं हुई है. ऐसे में मौसम कुछ अलग सा है। इस मौसम में अक्सर पेट से संबंधित समस्याएं देखने को मिलती हैं, और इसके कई कारण हो सकते हैं। इसलिए हेल्दी गट हेल्थ के लिए डाइट से संबंधित कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

गर्मियों का मौसम आते ही हम सभी शरीर को ठंडा रखने और त्वचा की देखभाल पर ध्यान देते हैं, लेकिन अक्सर यह भूल जाते हैं कि यह भीषण गर्मी हमारी पाचन प्रणाली यानी गट हेल्थ पर भी गहरा असर डालती है। सूरज की तपिश और बढ़ता तापमान न केवल हमें बाहर से परेशान करता है, बल्कि अंदरूनी तौर पर भी हमारी पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकता है।


भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन, खान-पान में छोटी सी लापरवाही, और हानिकारक बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इन कारणों से पेट से जुड़ी सामान्य समस्याएं जैसे कब्ज, अपच, दस्त और पेट दर्द आम हो जाती हैं। यह सिर्फ असहजता ही नहीं, बल्कि शरीर की ऊर्जा और पोषक तत्वों के अवशोषण को भी बाधित कर सकती है। इसलिए, जिस तरह हम अपनी त्वचा को धूप से बचाते हैं, ठीक उसी तरह गर्मियों में अपनी आंतों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है, ताकि पाचन तंत्र स्वस्थ रहे और हम इस मौसम का पूरा आनंद ले सकें। आइए जानते हैं कि गर्मियों में गट हेल्थ को दुरुस्त रखने के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



#### हाइड्रेशन का रखें ध्यान

गर्मी में पसीने के कारण शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है, जिससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है। पर्याप्त पानी पीना गट हेल्थ के लिए जरूरी है, क्योंकि यह भोजन को पचाने और मल को नरम रखने में मदद करता है। रोजाना 8-10 गिलास पानी पिएं। इसके अलावा आप अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए नारियल पानी, नींबू पानी, और छाछ जैसे पेय पदार्थ को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। ये पेय शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करते हैं संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। मीठे और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स से बचें, क्योंकि ये पाचन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

#### प्रोबायोटिक्स से भरपूर आहार लें



प्रोबायोटिक्स अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, जो गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। गर्मियों में दही, लस्सी, और केफिर जैसे प्रोबायोटिक युक्त खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करें। ये पाचन को बेहतर बनाते हैं और आंतों में बैक्टीरियल संतुलन बनाए रखते हैं। घर का बना दही या छाछ न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि गर्मी में पेट को ठंडक भी देता है।

#### फाइबर युक्त भोजन का सेवन करें

फाइबर आंतों को स्वस्थ रखता है और कब्ज की समस्या से बचाता है। गर्मियों में मौसमी फल जैसे तरबूज, खरबूजा, और आम के साथ-साथ हरी सब्जियां जैसे खीरा, पालक, और टमाटर खाएं। ये फाइबर से भरपूर होते हैं और पाचन को आसान बनाते हैं। साबुत अनाज जैसे ओट्स, ज्वार, और बाजरा भी फाइबर का अच्छा स्त्रोत हैं। तले-भुने और मसालेदार भोजन से परहेज करें, क्योंकि ये पेट में जलन और अपच का कारण बन सकते हैं।



#### खान-पान में सावधानी बरतें

गर्मी में खाना जल्दी खराब हो सकता है, जिससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ता है। हमेशा ताजा और साफ-सुथरा भोजन करें। बाहर का खाना खाने से बचें, खासकर कटे हुए फल या स्ट्रीट फूड, क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना होती है। खाना पकाने से पहले फल-सब्जियों को अच्छे से धोएं। इसके अलावा, भोजन को छोटे अंतराल पर थोड़ा-थोड़ा खाएं, ताकि पाचन तंत्र पर दबाव न पड़े। रात के समय हल्का भोजन करें।



## रिश्ते में भरोसे और प्यार के लिए अपनाएं '3 सी', नहीं होगा विवाद

आज के समय कई रिश्ते दोस्ती से प्यार में और फिर शादी में बदल रहे हैं। मगर विवाह केवल दो स्त्री-पुरुष के बीच का संबंध नहीं है, बल्कि यह दो परिवारों को जोड़ता है। ऐसे में लव हो या अरेंज मैरिज, विवाह को सफल बनाने का दबाव दोनों साथियों पर होता है। ऐसे में जब एक साथी को दूसरे से '3सी' यानी कमिटमेंट, कंपैटिबिलिटी और कम्युनिकेशन नहीं मिलता है, तो रिश्ते में दरार आने लगती है। वह रिश्ते में खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगता है। धीरे-धीरे दोनों के बीच विवाद इतने बढ़ जाते हैं कि यह बंधन टूटने की कगार पर आ जाता है। इसलिए आपके प्यार भरे रिश्ते में '3सी'का मैजिक जरूर होना चाहिए।

#### कमिटमेंट

कमिटमेंट यानी वचनबद्धता, यह रिश्ते की नींव होती है। जब दोनों साथी एक-दूसरे के प्रति समर्पित होते हैं तो उनके बीच भरोसा, प्यार और सुरक्षा की भावना गहराने लगती है।



वे मिलकर भविष्य की योजनाएं बनाते हैं और उन्हें ईमानदारी से निभाते हैं। वैवाहिक रिश्ते में एक साथी का दूसरे साथी के प्रति कमिटमेंट होना दर्शाता है कि साथी अपने रिश्ते को लेकर कितना गंभीर है। यह भावना दोनों को भावनात्मक रूप से जोड़ती है, जिससे वे एक-दूसरे से खुलकर बात कर पाते हैं। डर और खुशियां साझा करने से संबंध और मजबूत होते हैं और रिश्ता संतुलित तथा स्थायी बनता है।

#### कंपैटिबिलिटी

कंपैटिबिलिटी का मतलब है- दो लोगों के बीच आपसी समझ और तालमेल। जब जीवन-शैली, सोच, आदतें और संवाद-शैली में सामंजस्य होता है तो रिश्ता मजबूत और खुशहाल बनता है। कंपैटिबल लोग एक-दूसरे की भावनाओं और जरूरतों को समझते और सम्मान करते हैं। वे खुलकर बात करते हैं, जिससे गलतफहमियां दूर होती हैं। ऐसे रिश्ते में तनाव और टकराव की संभावना भी कम रहती है। ऐसा भी जरूरी नहीं कि दोनों में सब कुछ समान हो, पर जब दोनों एक-दूसरे को स्वीकारते हैं तो रिश्ता गहरा होता है। कंपैटिबिलिटी वैवाहिक जीवन की स्थिरता और संतुलन के लिए आवश्यक है, जो हर रिश्ते में जरूरी है, ताकि आप अपना रिश्ता प्रेमपूर्वक निभा सकें।

#### कम्युनिकेशन

कम्युनिकेशन यानी संवाद किसी भी रिश्ते की नींव है, जिस से प्यार, समझ और भावनात्मक जुड़ाव गहरा होता है। जब किसी भी रिश्ते में संवाद की कमी होती है तो गलतफहमियां, नाराजगी और दूरियां बढ़ने लगती हैं। विवाहित जोड़े जब एक-दूसरे से खुलकर बात नहीं करते या एक-दूसरे की बात सुनने में रुचि नहीं दिखाते तो रिश्ता कमजोर पड़ता है। अच्छा संवाद दो लोगों के बीच की दूरी को कम करता है और आपसी विश्वास को मजबूत बनाता है। यदि पार्टनर अपने दिल की बात साझा न कर सके तो अकेलापन महसूस होता है।



## चाय पत्ती को इस्तेमाल करें अलग तरीकों से, दूर करेंगी कई मुश्किलें



एक चम्मच चाय की पत्ती से आपके किचन के कई सारे काम हो सकते हैं। इतना ही नहीं, इस चाय की पत्ती का उपयोग खाने में भी किया जा सकता है। चाय पत्ती के कुछ ऐसे उपयोगों के बारे में आपको जानना चाहिए, जो आपके काम आ सकते हैं।

#### खाने का रंग करें गाढ़ा

आपने भी नहीं सोचा था न कि चाय की पत्ती से खाने का रंग गाढ़ा हो सकता है? क्या आपको पता है कि ढाबे वाले के छोले में वह गाढ़ा और अच्छा भूरा रंग कैसे आता है? वो चाय पत्ती का ही कमाल है। अगर आप भी अगली दफा पिंडी छोले बना रहे हों, तो इसका इस्तेमाल करें।

**क्या करें:** छोले में सीटी लगाने के दौरान एक मलमल के कपड़े में 1 चम्मच चाय पत्ती डालकर बांध लें। इस पोटली को छोले में डालकर सीटी लगा लें। लगभग 30-40 मिनट के लिए छोले ऐसे ही रहने दें और फिर पोटली निकाल लें। आप देखेंगे की छोले का पानी भूरा हो गया है। अगर आपको लग रहा है कि खाने में चाय पत्ती की महक आएगी, तो ऐसा नहीं होगा। मसालों के साथ पके पानी में चाय पत्ती का कोई स्वाद नहीं आता।

#### चाय पत्ती से डियोडराइजर

मानसून के समय में घर के साथ-साथ किचन से भी बदबू आती है। किचन सिंक के पास अक्सर मक्खियां भी भिनभिनाने लगती है और डस्टबिन से भी बदबू आती है। आप इसे दूर करते सकते हैं, वो भी चाय पत्ती की मदद से।

**क्या करें:** 3-4 छोटे और साफ कपड़े लें और उनमें 1-1 चम्मच चाय पत्ती भर दें। अब लेमन एसेंशियिल ऑयल या अन्य किसी भी एसेंशियल ऑयल ती 2-3 बूंद सारे कपड़ों में डालकर गांठ बांध लें। इन छोटी पोटलियों को किचन की अलग-अलग जगहों पर रख दें। आप इन्हें डस्टबिन के पास, किचन सिंक के पास या किचन की खिड़की पर भी टांग सकते हैं। इससे आपका पूरा किचन खुशबूदार बना रहेगा।

#### चॉपिंग बोर्ड की सफाई

अब तक आपने चाय के दाग हटाने में ही मशक्कत की होगी। क्या आपने कभी सोचा है कि चाय पत्ती चीजों को साफ कर सकती है? हां आप इससे अपने चॉपिंग बोड्र्स साफ कर सकते हैं। आइए जानें कैसे-

**क्या करें:** सबसे पहले 1 चम्मच चाय पत्ती को 1 कप पानी में गर्म कर लें। इसके बाद इसमें नींबू का रस डालें और मिला लें। अब इसमें 1 छोटा चम्मच डिश वॉश डालकर अपने गंदे पड़े चॉपिंग बोर्ड को साफ कर लें। गीली हुईं चाय की पत्तियां स्क्रब का काम करेंगी और बोड्र्स में बैक्टीरिया को भी निकाल बाहर करेंगी।

## घर में रखें इन पौधे से नहीं आती दरिद्रता, दूर हो जाते हैं वास्तु दोष



धार्मिक ग्रंथों और वास्तु शास्त्र दोनों में कुछ विशेष पौधों का उल्लेख मिलता है, जिन्हें घर में लगाना बेहद शुभ माना गया है। इन पौधों से न केवल वास्तु दोष दूर होता है, बल्कि देवी-देवताओं की कृपा भी प्राप्त होती है और घर में दरिद्रता प्रवेश नहीं कर पाती।

#### तुलसी का पौधा

तुलसी को देवी लक्ष्मी का प्रतीक और भगवान विष्णु की प्रिय मानी जाती है। स्कंद पुराण में कहा गया है कि जिस घर में तुलसी होती है, वहां यमदूत नहीं आते और लक्ष्मी जी का वास बना रहता है। वास्तु के अनुसारः तुलसी का पौधा घर की पूर्व या उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इसे प्रतिदिन जल देने और दीपक जलाने से वातावरण शुद्ध रहता है और घर में पवित्रता बनी रहती है।

#### आंवले का पौधा

धार्मिक दृष्टि से आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का निवास माना गया है। आंवला नवमी पर इसकी पूजा करने से विशेष पुण्य मिलता है। वास्तु के अनुसारः इस पौधे को घर की उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना शुभ होता है। यह पौधा सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है और स्वास्थ्य के साथ-साथ समृद्धि भी प्रदान करता है।

#### श्वेत अपराजिता

सफेद अपराजिता देवी लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय मानी जाती है। इसकी पुष्पों से पूजा करने से लक्ष्मी जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। वास्तु अनुसारः इस पौधे को मुख्य द्वार के पास या उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। यह नकारात्मक ऊर्जा को हटाकर सौभाग्य बढ़ाता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पैपराजी से हुए झगड़े के बाद सामने आई जस्टिन की पोस्ट, लिखा- 'हां मुझे गुस्सा आता है...'



हाल ही में पॉपुलर कैनेडियन सिंगर जस्टिन बीबर का पैपराजी से झगड़ा हो गया, वह एक वायरल वीडियो में पैपराजी पर चिल्लाते नजर आए। इस झगड़े के बाद जस्टिन बीबर की एक सोशल मीडिया पोस्ट भी सामने आई है। इस पोस्ट में वह अपने गुस्सैल व्यवहार के बारे में बात करते नजर आए। साथ ही कई और बातें भी साझा करते दिखे।

जस्टिन बीबर कम उम्र में ही एक पॉपुलर सिंगर बन गए थे। साथ ही शुरुआत से कंट्रोवर्सी से भी वह घिरे रहे हैं। हाल ही में कुछ पैपराजी के व्यवहार के कारण वह काफी गुस्सा नजर आए। एक वायरल वीडियो में पैपराजी को भला-बुरा कहते नजर आए। जब जस्टिन का यह वीडियो काफी वायरल हो गया, यूजर्स उनके गुस्सैल व्यवहार पर चर्चा करने लगे। इसके बाद सिंगर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट किया। जिसमें वह अपना पक्ष रखते नजर आ रहे हैं। जस्टिन बीबर ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की, जिसमें वह लिखते हैं, 'लोग मुझे हील होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं अंदर से टूट चुका हूं। यह भी पता है कि मुझे गुस्से की समस्या है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा होना चाहिए। यह सब बातें मुझे और ज्यादा थका देती है और गुस्सा दिलाती हैं।' जस्टिन बीबर पोस्ट में आगे लिखते हैं, 'जितना ज्यादा मैं खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं, उतना ही मैं खुद पर फोकर भी करता हूं। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो हाल ही में खुद के बारे में सोचकर थक गया हूं। क्या आप थके नहीं हैं।'

### टॉलीवुड

## इस प्रोजेक्ट में नजर आएंगे विष्णु पीरियड ड्रामा के बारे में तोड़ी चुप्पी



विष्णु मांचू अपनी ड्रीम फिल्मी 'कन्नप्पा' की रिलीज के लिए तैयार हैं, जो 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। एक इंटरव्यू के दौरान में विष्णु ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में खुलकर बात की, जिसमें उनकी बहुप्रतीक्षित 'धी 2' भी शामिल है। उन्होंने कहा, ₹अभी मेरा पूरा ध्यान कन्नप्पा पर है। इसके बाद 1947 पर आधारित एक पीरियड फिल्म बनाना चाहते हैं। 'धी 2' के लिए मैं और डायरेक्टर स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। दिल से बनाना चाहता हूं, बस एक अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार है।₹ विष्णु ने पुष्टि की कि 'धी 2' पर काम जारी है और स्क्रिप्ट तैयार होते ही शूटिंग शुरू हो जाएगी।

मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित और मोहन बाबू द्वारा निर्मित 'कन्नप्पा' तेलुगु भाषा की पौराणिक फिल्म है। यह हिंदू धर्म में भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की कथा पर आधारित है। फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके अलावा फिल्म में सरथ कुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन और मधु भी नजर आएंगी। इन सभी के अलावा मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार और काजल अग्रवाल खास कैमियो भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## रानी ने शुरू की नई फिल्म 'परिणय सूत्र' की शूटिंग, साझा कीं मुहूर्त की तस्वीरें



भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी के लिए यह साल काफी धमाकेदार है। एक के बाद एक फिल्में उनके हाथ लग रही हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'प्रिया ब्यूटी पार्लर' यूट्यूब पर रिलीज हुई। इसके बाद उन्होंने 'घमंडी बहू' की शूटिंग पूरी की। अब रानी के हाथ एक और फिल्म लगी है, जिस पर उन्होंने काम शुरू कर दिया है।

रानी चटर्जी की अगली फिल्म का नाम है 'परिणय सूत्र'। हाल ही में पूजा सेरेमनी के साथ इस पर काम शुरू हुआ है। आज मंगलवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मुहूर्त पूजा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इस फिल्म में रानी के साथ राकेश बाबू लीड रोल में हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में रानी और राकेश पति-पत्नी की भूमिका अदा करेंगे।

सामने आई तस्वीरों में दोनों के हाथ में क्लिपबोर्ड है। फिल्म की शूटिंग क्लिपबोर्ड शॉट से शुरू हुई। कुछ तस्वीरों में रानी को पूजा करते देखा जा सकता है। फिल्म 'परिणय सूत्र' को अरविन्द तिवारी ने लिखा है। फिल्म के निर्देशन की कमान मंजुल ठाकुर के कंधों पर है। वहीं संदीप जर्नो और मंजुल ठाकुर इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं। पोस्ट शेयर कर रानी ने लिखा है, 'आज से बहुत अच्छी टीम के साथ 'परिणय सूत्र' शुरू हुई।

रानी चटर्जी के हाथ इस साल कई फिल्में लगी हैं। 'प्रिया ब्यूटी पार्लर', 'घमंडी बहू' के अलावा उन्होंने 'चुगलखोर बहुरिया' की शूटिंग पूरी की। इसके अलावा फिल्म 'अम्मा' को लेकर भी रानी चर्चा में हैं। अब नई फिल्म 'परिणय सूत्र' को लेकर नेटिजन्स उन्हें बधाई दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आपको किसी की नजर न लगे'।


### दिशा का जलवा

पिछले दिनों लैक्मे फैशन वीक में पेस्टल लहंगे में दिशा पटानी का जलवा रहा। मौजूदा अभिनेत्रियों में सबसे फिट मानी जाने वाली दिशा फैशन की दुनिया में जानी मानी मॉडल भी है। दिशा ने जो पेस्टल लहंगा पहना था वह पारंपरिक लहंगे का एक आधुनिक और एलिगेंट रूप है। ऐसे लहंगे दुल्हनों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं।



लाइफ स्टाइल

## क्या आप भी स्किन पर लगाते हैं परफ्यूम तो जानिए इससे होने वाले साइड इफेक्ट्स



गर्मी का मौसम है। इस मौसम में हर कोई परफ्यूम को अपना दोस्त बना लेता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में पसीना काफी ज्यादा आता है, जिस कारण शरीर में से बदबू आने लगती है। ऐसे में परफ्यूम इस बदबू से आपको छुटकारा दिलाता है। ऐसा माना जाता है कि यदि परफ्यूम को स्किन पर लगाया जाए तो इसकी खुशबू लंबे समय तक टिकती है। इसलिए लोग कलाई या फिर गर्दन पर इसे लगाते हैं। पर, क्या आप जानते हैं कि स्किन पर परफ्यूम लगाना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। यहां हम आपको स्किन पर परफ्यूम लगाने के नुकसान आपको बताने जा रहे हैं।

### एलर्जी की संभावना

यदि आप स्किन परफ्यूम लगाते हैं तो उसमें मौजूद केमिकल्स स्किन पर रैश, खुजली, लाल चकत्ते या जलन का कारण बन सकते हैं। कई बार तो सस्ते परफ्यूम की वजह से दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टर तक की सलाह लेनी पड़ सकती है। इसलिए जितना हो सके स्किन पर परफ्यूम लगाने से बचें।

### डार्क स्पॉट्स

हम सभी पूरी तरह से तैयार होने के बाद ही परफ्यूम लगाते हैं। ऐसे में यदि आप स्किन पर परफ्यूम लगाकर तुरंत बाहर जाएंगे तो फोटो सेंसिटिव रिएक्शन हो सकता है। इसकी वजह से स्किन पर काले धब्बे हो सकते हैं। पिग्मेंटेशन की वजह से आपका लुक भी खराब हो सकता है। इसलिए यदि स्किन पर परफ्यूम अप्लाई कर रहे हैं तो तुरंत बाहर न निकले।


### बढ़ेगी त्वचा की ड्राईनेस

अक्सर जब हम स्किन पर परफ्यूम अप्लाई करते हैं तो अल्कोहल-बेस्ड परफ्यूम स्किन से नैचुरल नमी खींच लेता है। इस कारण त्वचा अपने आप रूखी हो जाती है। इसकी वजह से स्किन तो काफी डल हो जाती है। इसलिए स्किन पर परफ्यूम लगाने से बचें।

## बारिश में रोमांटिक डेट का प्लान है तो पहनें कंफर्टेबल और ट्रेंडी कपड़े



देश के अधिकांश हिस्सों में कहीं मानसून दस्तक दे चुका है और कहीं देने वाला है। वैसे भी बारिश का मौसम काफी सुहावना होता है। ऐसे में अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत बनकर घूमने जरूर जाएं। फिल्मों से लेकर असल जिंदगी तक में बारिश का काफी महत्व होता है। जैसे ही बारिश का ये मौसम शुरू होता है, वैसे ही आस-पास हरियाली दिखने लगती है। मन भी काफी खुशनुमा सा हो जाता है। ऐसे में लोग इस मौसम में अपने अपनों के साथ समय व्यतीत करना पसंद करते हैं।



### कॉटन शॉर्ट्स और ओवरसाइज शर्ट

शॉर्ट्स पहनने से लुक काफी कूल दिखता है। ऐसे में यदि आप पार्टनर के साथ डेट पर जा रहे हैं तो अपने लिए कॉटन शॉर्ट्स और उसके साथ ओवरसाइज शर्ट पहनें। ओवर साइज शर्ट की वजह से आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। इसे पहन रही हैं तो अंदर खूबसूरत सी ब्रालेट पहनें और शर्ट के ऊपर के बटन खुला रखें। इसके साथ-साथ बालों में मेसी बन बनाएं।



### डेनिम शॉर्ट्स और टॉप

यदि आप कॉटन शॉर्ट्स नहीं पहनना चाहती हैं तो डेनिम शॉर्ट्स को प्राथमिकता दें। इसके साथ टैंक टॉप पहनकर आप अपने लुक को ग्लैमरस बना सकती हैं। इसके साथ पैरों में साधारण चप्पल पहनने की बजाए जूते कैरी करें। बालों को खुला रखेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

### फ्लोरल मिडी

बरिश के मौसम में आस-पास काफी हरियाली होती है। इसलिए ऐसी फ्लोरल मिडी भी आप कैरी कर सकती हैं। मिडी पहन रही हैं तो उसके साथ स्लीपर पहनें। बारिश के मौसम में हील्स आपको परेशान कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ बालों को कर्ल करके खुला रखें।

## कहीं फेशियल के नाम पर आपके चेहरे से तो नहीं हो रहा खिलवाड़, जान लीजिए



चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लेकर पुरुष भी फेशियल कराते हैं। यदि इस ट्रीटमेंट के बाद भी चेहरे की खूबसूरती नहीं बढ़ रही है तो चेक करें कि आपके साथ भी फेशियल के नाम पर खिलवाड़ नहीं हो रहा है।

चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए आज-कल तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट चलन में हैं। इन्हीं में एक है फेशियल। महिलाओं से लेकर पुरुष तक फेशियल से कराकर अपना चेहरा चमकाते हैं। इसकी वजह से चेहरे की डीप क्लींजिंग हो जाती है। ये त्वचा को निखारने और ताजगी देने का एक लोकप्रिय तरीका है, लेकिन यदि इसे सही तरीके से न किया जाए, तो यह आपकी त्वचा के लिए हानिकारक भी हो सकता है।

### त्वचा में जलन

यदि फेशियल के दौरान आपके चेहरे पर थोड़ी सी भी खुजली या जलन हो रही है तो इसे इग्नोर न करें। क्योंकि कई बार केमिकल युक्त क्रीमें त्वचा को सूट नहीं करती हैं। ऐसे में खुजली और जलन आपको परेशान कर सकती है। कई बार तो ये दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि आपका चेहरा तक बिगड़ सकता है। इसलिए यदि कोई क्रीम रिएक्ट कर रही है तो उसे तुरंत हटवा दें।

### चेहरे का लाल होना

फेशियल के दौरान चेहरे पर मसाज की जाती है। यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो आपके चेहरे पर इस मसाज से चेहरा लाल हो सकता है। इसलिए हमेशा हल्के हाथ से मसाज कराएं। यदि चेहरा थोड़ा सा भी लाल हो रहा है तो तत्काल उन्हें रोक दें, ऐसा न करने पर आपका चेहरा पूरा लाल हो जाएगा।

## ये एक फूल देगा बालों को नया



प्रदूषण और खराब लाइफस्टाइल का असर अब लोगों की सेहत के साथ-साथ उनके बालों और त्वचा पर पड़ने लगा है। हम सभी चेहरे का ध्यान तो रख लेते हैं, लेकिन अक्सर बालों की देखभाल करना भूल जाते हैं। ऐसे में आपको एक ऐसे फूल के बारे में जरूर जानना चाहिए, जिसका हेयर मास्क बनाकर आप बालों से संबंधित कई परेशानियों को दूर कर सकते हैं।

यहां बात है गुड़हल के फूल की। इस में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिस कारण कहा जा सकता है कि ये फूल बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आइए आपको भी इसके इस्तेमाल का तरीका और फायदे बताते हैं।

### गुड़हल हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको सिर्फ दो चीजों की जरूरत पड़ेगी। इसमें पहला तो गुड़हल का फूल है, और दूसरा है दही या फिर एलोवेरा जेल। यदि आपका स्कैल्प ड्राई है तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। ऑयली स्कैल्प वाले लोग दही का इस्तेमाल करें।

### मास्क बनाने की विधि

अब बारी आती है इस हेयर मास्क को तैयार करने की। हेयर मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले गुड़हल के फूल को अच्छे से धोकर उसे ब्लैंडर में डालें और पीस लें। इसका आपको एकदम महीन पेस्ट बना लेना है। फूल को पीसने के बाद उसमें थोड़ा सा दही या फिर एलोवेरा जेल अपनी जरूरत के हिसाब से डालें और मिक्स करें। अब ये पेस्ट तैयार है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

इसका इस्तेमाल काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने बालों को खोलकर सुलझा लें। इसके बाद हेयर मास्क को बालों की जड़ों से लेकर छोर तक पर अप्लाई करें। तकरीबन एक घंटे मास्क को ऐसे ही लगा रहने दें। एक घंटे के बाद अपने बालों को किसी माइल्ड शैंपू से धो लें।

कार्नर न्यूज

### बदलते दौर में चलन बड़ रहा लिप सर्जरी का

## खूबसूरत दिखने अब लोग सहारा ले रहे लिप सर्जरी का, जानें इसका सही तरीका और संभावित नुकसान

जैसे-जैसे समय बदल रहा है, वैसे-वैसे लोगों के रहन-सहन से लेकर पहनावे में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। एक समय था, जब खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं सिर्फ मेकअप का इस्तेमाल करती थीं, लेकिन आज के समय महिलाएं तरह-तरह के कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट ले रही हैं। इन्हीं ट्रीटमेंट में शामिल है लिप सर्जरी। जी हां, होंठों का आकार बढ़ाने या घटाने के लिए अब महिलाएं लिप सर्जरी कराना पसंद करती हैं। इससे लुक में काफी बदलाव देखने को मिलता है। कई अभिनेत्रियां नियमित रूप से लिप सर्जरी कराकर अपने लुक को खूबसूरत बनाती हैं। ज्यादातर महिलाओं को इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती, कि ये लिप सर्जरी कैसे होती है और इसके नुकसान क्या हैं। इसी के चलते हम आपको यहां इस सर्जरी से जुड़ी हर बात बताएंगे। ये सर्जरी मुख्यत दो प्रकार से की जाती है, आइए जानते हैं इसके बारे में।



### लिप ऑग्मेंटेशन

जो महिलाएं अपने होंठों का आकार बढ़ाना चाहती हैं, यानी कि होंठों में उभार चाहती हैं वो लिप ऑग्मेंटेशन कराती हैं। ज्यादातर अभिनेत्रियां इस सर्जरी को कराकर अपने होंठों के आकार में बदलाव करती हैं। इस आसान की सर्जरी में हायालूरोनिक एसिड जैसे फिलर होंठों में इंजेक्शन के जरिए इंजेक्ट किए जाते हैं।इस प्रक्रिया को पूरा होने में तरकीबन आधे घंटे का समय लगता है। इसे एक बार कराने के बाद इसका असर तकरीबन 8 महीने से एक साल तक तो रहता ही है। जो महिलाएं स्थायी रूप से अपने होंठों को मोटा बनाना चाहती हैं, वो डॉक्टर की सलाह पर सिलिकॉन का इस्तेमाल भी कराती हैं।

### इसके नुकसान

कई मामलों में ऐसा देखा जाता है कि लिप ऑग्मेंटेशन के बाद होंठों पर जलन, लालिमा और दर्द का एहसास होता है। कई मामलों में तो दिक्कत तब सामने आती है जब फिलर की वजह से होंठों का आकार ही बदल गया हो। इसकी वजह से होंठ टेढ़े-मेढ़े दिखने लगते हैं। एलर्जी की थोड़ी सी भी संभावना लग रही तो इसे इग्नोर न करें, बल्कि तत्काल ही डॉक्टर की सलाह लें।



### लिप रिडक्शन

इसके नाम से ही आपको क्लीयर हो गया होगा कि इसका काम होंठों का आकार पतला करना है। जिन महिलाओं के होंठ काफी ज्यादा मोटे होते हैं, वो इस सर्जरी के माध्यम से अपने होंठों को पतला कराती हैं। ये भी एक सर्जिकल प्रक्रिया है। जिसमें होंठ के अंदर से अतिरिक्त ऊतक को हटाया जाता है और टांके लगाए जाते हैं। इस प्रक्रिया के लिए व्यक्ति को जनरल एनेस्थीसिया दिया जाता है, ताकि उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

### इसके नुकसान

लिप रिडक्शन सर्जरी के मामले में कई बार घाव ठीक होने में काफी समय लगता है। यदि इसे सही जगह से न कराया जाए तो टांकों के निशान रह जाते हैं, जो देखने में अजीब लगते हैं। इससे कई बार बोलने में भी दिक्कत होती है।